सतना
02 मई 2026 शनिवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित

## अंतरराष्ट्रीय साजिश का भंडाफोड़: मुंबई में पकड़ी गई 1745 करोड़ रुपये की ड्रग्स, 349 किलो हाई ग्रेड कोकीन जब्त




**नई दिल्ली,एजेंसी।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग रिंग का भंडाफोड़ किया है। एनसीबी ने 349 किलो कोकीन जब्त की है, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 1745 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इसके लिए एनसीबी की तारीफ की है और इसे बड़ी सफलता बताया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। गृह मंत्री ने लिखा, 'हम नशे के गिरोह को बेरहमी से कुचलने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। नाकोटिक्स ब्यूरो, मुंबई ने 1745 करोड़ रुपये की 349 किलो कोकीन जब्त करके एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह पर नकेल कस दी है।

यह जमीनी स्तर से शीर्ष स्तर तक की रणनीति का शानदार उदाहरण है, जहां एजेंसी ने एक छोटी खेप का पता लगाकर एक विशाल नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। इस ऐतिहासिक सफलता के लिए एनसीबी की टीम को बधाई।'

## पंजाब में डीसी दफ्तर पर खालिस्तानी झंडा फहराने के आरोपी को पांच साल की सजा, पन्नू की साजिश का पर्दाफाश

**मोगा,एजेंसी।** सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के उकसावे पर मोगा डीसी कार्यालय पर खालिस्तानी झंडा फहराने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की मोहाली स्थित विशेष अदालत ने दो आरोपियों को 2020 के एक मामले में दोषी ठहराया है। उन्हें पाँच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। यह मामला पंजाब के मोगा स्थित एक सरकारी इमारत पर सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के महाधिवक्ता और नामित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के उकसावे पर खालिस्तान का झंडा फहराने से संबंधित है।

मोगा निवासी इंदरजीत सिंह और जसपाल सिंह को आईपीसी, यूए (पी) अधिनियम और राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 5 साल 6 महीने की जेल और 16,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले एनआईए ने इन दोनों आरोपियों के साथ-साथ गिरफ्तार किए गए दो अन्य आरोपियों और अमेरिका में फरार चल रहे दो आरोपियों, गुरपतवंत सिंह पन्नू और उसके साथी राणा सिंह उर्फ हरप्रीत सिंह के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। पन्नू और हरप्रीत (एसएफजे का सदस्य) को 2021 में मोहाली विशेष अदालत ने इस मामले में भगोड़ा घोषित कर दिया था।

## न रुकने की झंझट और न लाइन में लगने की टेंशन... देश का पहला बैरियरलेस टोल प्लाजा गुजरात में शुरू



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत अब बिना किसी रुकावट के हाईवे यात्रा के एक नए दौर की ओर बढ़ने के लिए तैयार है। गुजरात के सूरत में भारत का पहला बैरियर-मुक्त मल्टी-लेन फ्री फ्लो (MLFF) टोलिंग सिस्टम एनएच-48 पर स्थित चोर्यासी टोल प्लाजा पर आधिकारिक तौर पर लागू कर दिया गया है।

इस पहल का उद्देश्य उन्नत डिजिटल तकनीकों का उपयोग करके टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारों को खत्म करना और यातायात के प्रवाह को बेहतर बनाना है।

**बैरियर-फ्री टोलिंग क्या है?**

बैरियर-फ्री टोलिंग मल्टी-लेन फ्री फ्लो (MLFF) टेक्नोलॉजी पर आधारित है। यह गाड़ियों को बिना रुके टोल पॉइंट से गुजरने की सुविधा देती है। पारंपरिक टोल प्लाजा पर जहां फिजिकल बैरियर होते हैं वहीं यह सिस्टम सेंसर और कैमरों से लैस ओवरहेड फ्रेम का इस्तेमाल करता है, ताकि गाड़ियों की अपने-आप पहचान हो सके और टोल शुल्क रियल टाइम में काट लिया जाए।इसकी शुरुआत की घोषणा 'लॉजिस्टिक्स शक्ति समिट एंड अवार्ड्स 2026' में की गई, जहां केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भारत के राजमार्ग इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में इसकी भूमिका पर जोर दिया।

**FASTag और AI कैमरों की भूमिका**

यह सिस्टम FASTag को ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (ANPR) टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ता है। हाई-परफॉर्मेंस वाले एआई कैमरे गाड़ियों की नंबर प्लेट पढ़ते हैं, जबकि RFID रीडर FASTag स्टिकर को स्कैन करते हैं। इसके बाद टोल की रकम सीधे लिंक्ड अकाउंट से काट ली जाती है।यह दोहरी-सत्यापन प्रणाली सटीकता सुनिश्चित करती है और त्रुटियों को कम करती है। जिन मामलों में FASTag निष्क्रिय या गायब होता है, वहां भी वाहन की पहचान उसकी नंबर प्लेट के माध्यम से की जा सकती है, जिससे प्रवर्तन की निरंतरता बनी रहती है।

### लद्दाख में बुद्ध अवशेष प्रदर्शनी का शुभारंभ

## अमित शाह बोले:शांति व सहअस्तित्व का संदेश और प्रासंगिक

**लेह, एजेंसी।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर लद्दाख में भगवान तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेषों की पहली राष्ट्रीय प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 75 वर्षों के बाद इन अवशेषों का लद्दाख आगमन ऐतिहासिक और सौभाग्यपूर्ण क्षण है, जो पूरी मानवता को शांति, सहअस्तित्व एवं मध्यम मार्ग का संदेश देता है। भारत की सभ्यता हजारों वर्षों से ज्ञान और करुणा पर आधारित रही है और आज बुद्ध के संदेश की प्रासंगिकता पहले से अधिक बढ़ गई है।



यहां धार्मिक कार्यक्रम स्थल जिवेत्सल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में लद्दाख के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, लद्दाख बौद्ध संघ के अध्यक्ष त्सेरिंग दोरजे लाकरूक, लद्दाख गोंपा संघ के अध्यक्ष दोरजे स्टांजिन, रिनपोछे क्याबजे द्रुक्पा थुकसे, डॉ लोबजांग त्सेवांग सहित बौद्ध समुदाय के कई प्रमुख धार्मिक नेता, आध्यात्मिक गुरु मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक लामा वादन, त्सोग अर्पण, दीप प्रज्वलन और पवित्र अवशेषों के दर्शन कराए गए। साथ ही तिब्बती सांस्कृतिक कार्यक्रम, भक्ति गीत और लद्दाखी लोक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिनमें क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की झलक दिखाई दी।

## ममता भवानीपुर स्ट्रॉन्ग रूम में 4 घंटे रहीं

### कहा- किसी को ईवीएम लूटने नहीं देंगे; चुनाव आयोग बोला- पोस्टल बैलट छंट रहे थे, ईवीएम सुरक्षित

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में TMC ने गुरुवार रात बिना सूचना दिए EVM स्ट्रॉन्ग रूम खोलने और संदिग्ध लोगों की मौजूदगी के आरोप लगाए। कई TMC नेता अपने समर्थकों के साथ खुदीराम अनुशीलन केंद्र के बाहर धरने पर बैठ गए। इस केंद्र के स्ट्रॉन्ग रूम में EVM रखी हैं। हंगामे के बीच सीएम ममता बनर्जी भी रात 8 बजे कोलकाता के सखावत



मेमोरियल स्कूल स्थित EVM स्ट्रॉन्ग रूम पहुंचीं। लगभग 4 घंटे अंदर रहीं। देर रात करीब 12:07 बजे बाहर निकलकर उन्होंने मीडिया से कहा, 'अगर EVM लूटने और मतगणना में हेरफेर की कोशिश हुई तो हम जान की बाजी लगा देंगे।'

## कमर्शियल सिलिंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी, दिल्ली में अब 3071.50 रुपये पहुंचा दाम



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कमर्शियल सिलिंडर की कीमतों में एक मई यानी आज से बड़ा इजाफा हुआ है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि आज से 19 किलो के कमर्शियल सिलिंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी हो गई है। दिल्ली में आज से 19 किलो के सिलिंडर की कीमत 3071.50 रुपये होगी। घरेलू सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

**पांच किलो वाले सिलिंडरों के दाम भी बढ़े:**कमर्शियल एलपीजी सिलिंडरों के दाम बढ़ाए जाने के अलावा पांच किलोग्राम के एफटीएल (मुक्त व्यापार एलपीजी) सिलिंडर की कीमत में भी वृद्धि का फैसला लिया गया है। इसके तहत कीमतें तत्काल प्रभाव से 261 रुपये प्रति सिलिंडर बढ़ गई हैं। पांच किलोग्राम का फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलिंडर का उपयोग मुख्य रूप से छोटे प्रतिष्ठानों और सीमित व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है। इसपर सब्सिडी नहीं दी जाती है। इसकी कीमत बाजार दरों के करीब होने की वजह से वैश्विक उतार-चढ़ाव के प्रति अधिक संवेदनशील होता है।

## म.प्र. के जबलपुर में क्रूज डूबा, 9 शव मिले





### ● लाइफ जैकेट में 4 साल के बेटे को छाती से चिपकाए मिली मां; पीएम ने दुख जताया

**जबलपुर,एजेंसी।** मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी डैम में गुरुवार शाम करीब 5 बजे पर्यटन विभाग का एक क्रूज अचानक आई तेज आंधी के चलते डूब गया। अब तक 9 शव मिल चुके हैं। 28 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। प्रशासन के मुताबिक, 4 लोग अभी लापता हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त क्रूज में लगभग 43 से 47 पर्यटक सवार थे। टिकट सिर्फ 29 लोगों की कटी थी।

हादसा किनारे से करीब 300 मीटर दूर हुआ। जिस समय क्रूज डूबा, उस वक्त हवा की रफ्तार 74 किलोमीटर प्रतिघंटा थी। बरगी सिटी सीएसपी अंजुल मिश्रा ने बताया कि शुरुआती रेस्क्यू में SDRF ने कई लोगों को बचाया, लेकिन अंधेरा और खराब मौसम से राहत कार्य प्रभावित हुआ। शुक्रवार सुबह फिर से रेस्क्यू जारी है।

**मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपए देंगे**

हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिवार जनों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जांच के आदेश दिए हैं। वे दोपहर 4 बजे जबलपुर पहुंच सकते हैं। वहीं प्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी जबलपुर पहुंचे हैं, लेकिन उनका हैरान करने वाला बयान सामने आया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा- नर्मदा में पेट्रोल-डीजल बोट पर रोक है। उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।हादसे में मरीना मैसी और उनके चार साल के बेटे त्रिशान की भी मौत हो गई। बचाव दल को आज सुबह दोनों के शव मिले। मां ने अपनी ही लाइफ जैकेट के भीतर अपने कलेजे के टुकड़े को समेट लिया था। उसने बच्चे को अपने सीने से इतनी मजबूती से चिपकाया था कि काल का क्रूर झोंका भी उन्हें अलग नहीं कर सका। रेस्क्यू टीम ने जब उन्हें बाहर निकाला, तो दोनों के शव एक-दूसरे को बाहों में जकड़े हुए थे। यह परिवार दिल्ली से घूमने आया था। पिता प्रदीप मैसी और बेटी सिया किसी तरह अपनी जान बचाने में कामयाब रहे।

**क्रूज पायलट बोले- संभलने का मौका ही नहीं मिला**


क्रूज के पायलट महेश ने बताया, 'सुरक्षा के इंतजाम तो थे, लेकिन अचानक आए तेज तूफान के चलते क्रूज अनियंत्रित हो गया। किसी को संभलने का मौका ही नहीं मिला।' महेश को 10 साल का अनुभव है।

## यूपी-बिहार-कर्नाटक में 2 दिन में आंधी-बारिश से 32 मौतें

### दिल्ली में अप्रैल के दौरान 18 साल में सबसे ज्यादा बारिश; राजस्थान-महाराष्ट्र में पारा 44डिग्री पार

**नई दिल्ली/जयपुर/भोपाल,एजेंसी।**पिछले 15 दिन से भीषण गर्मी झेल चुके देश के बड़े हिस्से में गुरुवार को तेज हवाओं के साथ बारिश से कुछ राहत मिली। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, झारखंड में आंधी-बारिश और ओले गिरने से तापमान में 3-5एष्ट तक की गिरावट हुई।

यूपी में गुरुवार को पिछले दो दिनों के दौरान आंधी-बारिश से 17 लोगों की मौत हो गई। बिहार में भी 5 लोगों की मौत हुई है। कर्नाटक के बेंगलुरु में बुधवार रात तेज बारिश और आंधी के दौरान हुई अलग-अलग घटनाओं में मरने वालों की



संख्या 10 हो गई है।दिल्ली में गुरुवार को कई इलाकों में बारिश, तेज हवा और ओले गिरे। इससे तापमान 8 से 15डिग्री तक गिर गया। पालम में तापमान 39 से गिरकर 28 डिग्री हो गया। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में इस साल अप्रैल के दौरान 18 साल में सबसे ज्यादा 27.9 मिमी बारिश हुई। इससे पहले अप्रैल 2008 में 38.6 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

हालांकि, राजस्थान और महाराष्ट्र में गर्मी से कोई राहत नहीं मिली है। गुरुवार को महाराष्ट्र का चंद्रपुर देश में सबसे गर्म जगह रही। यहां तापमान 44.6डिग्री दर्ज हुआ।

## 'मराठी सीखना जरूरी'; महाराष्ट्र दिवस पर सीएम फडणवीस बोले- लेकिन भाषा के नाम पर हिंसा अस्वीकार्य

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि राज्य में रहने वाले सभी लोगों को मराठी भाषा सीखने का प्रयास करना चाहिए, लेकिन भाषा के नाम पर किसी भी तरह की हिंसा या विवाद बिल्कुल स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**मराठी पर गर्व जरूरी, लेकिन जबरदस्ती नहीं :**मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र कभी भी संकीर्ण सोच वाला राज्य नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी लोग राज्य में रहते हैं, उन्हें मराठी सीखने का प्रयास करना चाहिए। यदि किसी ने अभी तक भाषा नहीं सीखी है,



तो सरकार और समाज उन्हें सिखाने में मदद करेंगे। **हिंसा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं :**फडणवीस ने साफ कहा कि भाषा को लेकर किसी भी प्रकार की हिंसा या विवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाषा का उद्देश्य जोड़ना होना चाहिए, न कि समाज को बांटना।

**भाषा नीति को लेकर सरकार का रुख :**मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र देश की आर्थिक प्रगति का एक मजबूत केंद्र है और यह भारत की विकास इंजन के रूप में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने हमेशा सुधार और प्रगति की दिशा में देश का मार्गदर्शन किया है। राज्य सरकार ने हाल ही में ऑटो रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए मराठी भाषा को अनिवार्य करने का निर्देश जारी किया है। इसी पृष्ठभूमि में मुख्यमंत्री का यह बयान काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## असम के रिहायशी इलाके में मिला विश्व युद्ध का बम

### सेना की रेड शील्ड सैपर्स ने दिखाई मुस्तैदी, टला बड़ा हादसा

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के तिनसुकिया जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां के लेडो-लेखापानी इलाके में गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक जीवित बम बरामद हुआ। यह विस्फोटक एक घने रिहायशी इलाके में मिला। इससे स्थानीय लोगों की जान-माल पर गंभीर खतरा पैदा हो गया था। बम मिलने की जानकारी के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

**सेना की रेड शील्ड सैपर्स टीम ने संभाला मोर्चा:**भारतीय सेना को तुरंत सूचित किया गया। भारतीय रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलते ही सेना की रेड शील्ड सैपर्स टीम मौके पर पहुंची। विशेषज्ञों की इस टीम ने तत्काल



हालात को अपने नियंत्रण में ले लिया। सेना ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया। बम निरोधक दस्ते ने सबसे पहले पूरे इलाके की घेराबंदी की। एक मजबूत सुरक्षा घेरा बनाया गया। एहतियात के तौर पर आसपास रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

## इंडोनेशिया के बाद अब वियतनाम को ब्रह्मोस देगा भारत, 5800 करोड़ के सौदे की संभावना




**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत और वियतनाम के बीच सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का सौदा जल्द हकीकत बनने जा रहा है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम की अगले हफ्ते होने वाली तीन दिवसीय भारत यात्रा के दौरान करीब 5,800 करोड़ रुपये के इस समझौते पर मुहर लगने की संभावना है।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, राष्ट्रपति तो लाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुलावे पर 5 से 7 मई तक भारत यात्रा पर आएंगे। इस दौरान पीएम मोदी के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता होगी। राष्ट्रपति लाम के साथ वियतनाम के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी आ रहा है, जो मुंबई में आर्थिक समझौतों पर चर्चा करेगा।

**वियतनान के ताकतवर नेता हैं तो लाम:**

तो लाम वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव और राष्ट्रपति, दोनों पदों पर आसीन हैं। वह दशकों में वियतनाम के सबसे प्रभावशाली नेता बन गए हैं। इसी महीने राष्ट्रपति बनने के बाद तो लाम का इतनी जल्दी भारत आना यह दर्शाता है कि हनोई अपनी सुरक्षा जरूरतों के लिए नई दिल्ली को कितना महत्वपूर्ण मानता है।

**समुद्र में बढ़ेगी ताकत:**

प्रस्तावित सौदे में ब्रह्मोस मिसाइल का तट-आधारित जहाज-रोधी संस्करण शामिल है। यह दक्षिण चीन सागर में वियतनाम की रक्षा क्षमताओं को जरूरी मजबूती देगा। भारत और वियतनाम के बीच तमाम रक्षा समझौतों के बाद ब्रह्मोस का सौदा दोनों देशों के सैन्य सहयोग को एक नई ऊंचाई देगा। ब्रह्मोस मिसाइल के इस निर्यात को रूस ने अपनी मंजूरी दे दी है। ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसका विकास भारत और रूस ने साझा तौर पर किया है।

# दिल्ली: खोल रखे थे 15 गोल्ड लोन अकाउंट, तीन खातों में मिला 2 किलो सोना; नौकरानी का राज खुलने पर हैरत में अफसर

**बाहरी दिल्ली, एजेंसी।** बाहरी दिल्ली के शालीमार बाग क्षेत्र में दो घरों में ढाई करोड़ रुपये कीमत के सोने के आभूषण व नकदी चुराने वाली घरेलू सहायिका के विभिन्न बैंकों में 15 गोल्ड लोन अकाउंट और उसमें रखे सोने की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस भी हैरत में पड़ गई। आरंभिक जांच में सामने आया है कि घरेलू सहायिका के विभिन्न बैंकों में 15 गोल्ड लोन अकाउंट हैं और इनमें तीन में दो किलोग्राम सोना रखा गया है। अकाउंट में रखे आभूषणों की कीमत तीन करोड़ आंकी गई है। पुलिस का मानना है कि 15 गोल्ड लोन अकाउंट मिलना किसी बड़े वित्तीय नेटवर्क की ओर इशारा कर रहा है। जांच में आरोपित महिला के सहयोगियों की संलिप्तता के संकेत भी मिले हैं। सभी अकाउंट दिल्ली में खुले हैं। पुलिस ने आरोपित का बैंक अकाउंट फ्रीज कर जांच आरंभ कर दी है। जांच में यह भी पता चला है कि बैंक से सोने की एवज में आरोपित ने पांच लाख रुपये का लोन भी लिया है। 18 साल पहले पंजाबी बाग थाने में दर्ज प्राथमिकी में आरोपित महिला का नाम दर्ज पाया गया है।



उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि 19 अप्रैल को शालीमार बाग के बीक्यू-ब्लाक स्थित व्यवसायी विजयपाल गुप्ता के घर में चोरी के मामले में पुलिस ने घरेलू सहायिक सोना उर्फ के. सोनिया (45 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपित आदतन अपराधी है। आरोपित के सुनियोजित तरीकों एवं पुलिस से बचने के प्रयासों के कारण यह मामला चुनौतीपूर्ण था। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण और तकनीकी निगरानी के माध्यम से पुलिस आरोपित तक पहुंच पाई। जिला पुलिस उपायुक्त के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपित ने पुलिस को बताया कि उसने चोरी किए गए सोने के आभूषणों को विभिन्न बैंकों में गिरवी रखकर लोन प्राप्त किया। जांच में अब तक 15 गोल्ड लोन अकाउंट का पता चला है, जिससे बड़े वित्तीय नेटवर्क उजागर हुआ है।

अभी तक मुथूट फिनकार्प, मुथूट फाइनेंस बैंक एवं फेड बैंक में लगभग दो किलोग्राम सोने के आभूषण चिन्हित किए गए हैं। आरोपित महिला का बैंक खाता फ्रीज कर दिया गया है तथा शेष चोरी के आभूषणों की बरामदगी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपित से मिली एक लाख की राशि जब्त की गई है। ज्यादातर गोल्ड अकाउंट रोहिणी सेक्टर-3, सेक्टर-7 व सेक्टर-16 स्थित विभिन्न बैंकों की शाखाओं में हैं।

**चोरी में सहयोगियों की संलिप्तता के संकेत :** जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जांच में आरोपित महिला के सहयोगियों की संलिप्तता के संकेत मिलने के बाद पहचान एवं जांच की जा रही है। जानकारी मिली है कि सोना जिस मकान में रहती है, वहां उसकी मां और बहनों का आना-जाना है। भाई एक आपराधिक मामले में जेल में है। आरोपित की एक बेटी बताई जा रही है। मूलतः चेन्नई की रहने वाली सोना उर्फ के. सोनिया लंबे समय से दिल्ली में रह रही है।

**सोना के खिलाफ 18 साल पहले भी दर्ज हो चुका है केस :** जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपित महिला की शालीमार बाग में 19 अप्रैल और 29 सितंबर 2025 को हुई चोरी की घटना में संलिप्तता सामने आई है। इसके अलावा वर्ष 2008 में पंजाबी बाग थाने में दर्ज प्राथमिकी में भी सोना का नाम सामने आया है। उसके खिलाफ लूट के दौरान जानबूझकर चोट पहुंचाने व चोरी की संपत्ति रखने की धारा के तहत मामला दर्ज्र पाया गया है।

### घरेलू सहायिका ने घर में पाल रखे थे चार विदेशी खूंखार कुत्ते

घर में किसी अवांछित की एंट्री रोकने के लिए आरोपित महिला ने चार विदेशी नस्ल के खूंखार कुत्ते पाल रखे थे। इस कारण पुलिस को भी घर के भीतर जाने में मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस को घर में पिटबुल, अमेरिकन बुली व हाइब्रिड कुत्ते मिले। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि छापे के दौरान कुत्तों को काबू में करने के लिए विशेषज्ञ बुलाने पड़े और अपने बचाव के लिए पुलिस टीम बोरी व डंडे लेकर घर में घुसी। छापेमारी के दौरान आरोपित महिला खूंखार कुत्तों की ओट लेकर रजाइयों के बीच छिपी थी। उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि आरोपित ने अपने घर को पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए आक्रामक कुत्तों का उपयोग करते हुए घर को किले जैसा बना रखा था। लेकिन पुलिस ने रणनीतिक तरीके से छापेमारी की और साहस का परिचय देते हुए आरोपित को सफलतापूर्वक दबोच लिया।

## असली कोर्ट, नकली आदेश... मिजोरम में रिहा हुए 16 अपराधी, जेल प्रशासन में हड़कंप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिजोरम के लुंगलेई स्थित जिला जेल से फर्जी कागज का इस्तेमाल कर 16 दोषियों के भागने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, पिछले 4 महीनों के दौरान इन 16 दोषियों ने कोर्ट के जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके धोखाधड़ी से रिहा हो गए।



मीडिया रिपोर्ट की माने तो यह धोखाधड़ी जनवरी में शुरू हुई थी और पिछले हफ्ते तक किसी को इसका पता तक नहीं था। वहीं, जब कोर्ट अधिकारियों को कुछ रिहाइयों को मंजूरी देने वाले रिकॉर्ड नहीं मिले, तब इसका खुलासा हो सका। इसके बाद 25 अप्रैल को एक शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने बताया कि 13 दोषियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, और दो अभी भी फरार हैं। वहीं, एक दोषी की रिहाई के बाद मौत हो गई। इस मामले में जेल के अंदर और बाहर के लोगों की मिलीभगत से एक बड़ी साजिश होने का संदेह है। जेल अधिकारियों ने बताया कि, नकली आदेशों पर जाली मुहरें लगी थी और वे कोर्ट के निर्देशों से काफी मिलते-जुलते थे, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया था। शुरुआती जांच के नतीजों से पता चलता है कि 22 वर्षीय कैदी जेरेमिया लालथांगतुरा इस साजिश का मुख्य सरगना हो सकता है; माना जा रहा है कि उसने जेल के अंदर से ही बाहर के लोगों की मदद से इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया। फिलहाल, उससे पूछताछ की जा रही है।

## केरलम में भाजपा नेता हत्याकांड पर अदालत का बड़ा फैसला, 6 दोषियों को सुनाई मौत की सजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा नेता वेंकटेश कुरुबारा की पिछले साल हुई हत्या मामले में प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने छह दोषियों को मौत की सजा सुनाई है। पुलिस ने बताया कि जज सदानंद नागप्पा नायक ने रवि, विजय उर्फ मैलारी, धनराज, भीमा उर्फ भरत, सलीम और गंगाधर गवली को गुरुवार को सजा सुनाई। कोप्पल के एसपी राम एल. अरसिद्धि ने बताया, इस मामले में पिछले साल आठ अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दो महीने के भीतर ही 11 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी गई।



**धारदार हथियारों और लोहे के रॉड से किया था हमला :** आठ अक्टूबर, 2025 की रात कार सवार बदमाशों ने भाजपा युवा मोर्चा के गंगावती नगर इकाई प्रमुख कुरुबारा की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वे गिर गए। इसके बाद उन पर धारदार हथियारों और लोहे के रॉड से हमला किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। एसपी ने कहा कि अधिकांश दोषियों के खिलाफ कई अन्य मामले भी दर्ज हैं।

## फरीदाबाद में 'रानी की छतरी' और 'शाही तालाब' को मिला नया जीवन, अवैध कब्जे हटाकर राजमार्ग से किया कनेक्ट




**बल्लभगढ़, एजेंसी।** करोड़ों रुपये की लागत से संवारी गई रानी की छतरी और शाही तालाब को देखने के लिए अब लोग सीधे आ-जा सकेंगे। प्रशासन ने छतरी परिसर में बने हुए अवैध निर्माणों को तोड़ दिया है। राजमार्ग से जो भी व्यक्ति निकलेगा उसे अब यह ऐतिहासिक स्थल दूर से ही दिखाई देंगे। अब तक यह अवैध निर्माणों से घिरे हुए थे। बल्लभगढ़ के राजा अनिरुद्ध सिंह की रानी ने राजमार्ग के पास अपनी पति की स्मृति में 1818 में छतरी बनवाई थी। यहां पर एक शाही तालाब है। इस तालाब में रानी स्नान करके अपनी पति की स्मृति में छतरी की छत पर हवन-यज्ञ करती थी। अभी भी यहां पर यज्ञशाला है। बल्लभगढ़ के अंतिम राजा नाहर सिंह 1858 की क्रांति में अंग्रेजों से लड़े थे। उन्हें अंग्रेजों ने संधि करने के बहाने धोखे से गिरफ्तार कर लिया। राजा नाहर सिंह और उनके साथियों को नौ जनवरी-1859 को चांदनी चौक के लालकुआं पर सार्वजनिक रूप से फांसी पर लटका दिया।

**सिर्फ छतरी की छत और फर्श का काम छूटा :** इसके बाद इन ऐतिहासिक स्थलों की कोई देख-रेख नहीं की गई। यह स्थल पूरी तरह से जर्जर हो गए। पूर्व मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा ने 2019 में छतरी का सवा करोड़ रुपये सरकार से मंजूर कराकर जीर्णोद्धार काम शुरू करा दिया। इसका दो फरवरी-2023 के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उद्घाटन भी कर दिया। तब जीर्णोद्धार से छतरी की छत और नीचे का फर्श रह गया था।

**अब छतरी की छत और फर्श का जीर्णोद्धार :** पूर्व मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा ने छतरी की छत और फर्श के जीर्णोद्धार के लिए सरकार से 1.33 करोड़ रुपये मंजूर करा दिए और 29 सितंबर को इस का शुभारंभ पुरातत्व विभाग के मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने करा दिया। अभी जीर्णोद्धार का काम जोरों से चल रहा है। छतरी जब तक आम लोगों के देखने के लिए तैयार होगी, तब तक पूर्व मंत्री विधायक मूलचंद शर्मा आसपास बनाने की योजना तैयार करवा रहे हैं।

## 11 साल में ही टूटे प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लैट, लोनी की आसरा योजना में बुनियादी सुविधा तक नदारद



**लोनी, एजेंसी।** गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमंद लोगों के लिए लोनी के गढ़ी सबलू गांव के पास 11 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आसरा योजना कॉलोनी का निर्माण कराया गया। यहां रहने वालों का कहना है कि यहां रह रहे 250 से अधिक परिवार डर के साए में जीने को मजबूर है। साफ सफाई बिजली पानी आदि बुनियादी सुविधाओं के साथ साथ कमजोर निर्माण के कारण निवासियों की सुरक्षा खतरे में है। आरोप है कि शिकायत के बाद भी कोई अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं। गढ़ी सबलू गांव के पास 2014-15 में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए प्रदेश सरकार ने आसरा आवास सोसायटी का निर्माण किया गया था। सोसायटी में 17 करोड़ रुपये की लागत से करीब 336 फ्लैट्स बने थे। इनमें आठ वर्षो से करीब 250 परिवार जीवन यापन कर रहे है। आरोप है कि भवन बनाते समय ठेकेदार ने घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया था। इसके चलते महज दस वर्ष में ही सोसायटी के फ्लैट् जर्जर हो चुके है। सोसायटी के दीवारों पर लगा प्लास्टर झड़कर गिर गया है। दीवारों में ईंट दिखने लगी है। कई फ्लैटों के छज्जे टूट कर गिर गए हैं। वर्षा के दिनों में डर से लोगों को नींद नहीं आती। साफ-सफाई के अभाव में परिसर में झाड़ियां उग आई है। आस पास खेतों के बीच में होने से बरसात के समय जहरीले जीव जंतु निकलते रहते है। लोगों को इन जहरीले जीव जंतुओं के काटने का भय सताता रहता है।

**स्ट्रीट लाइटें तक नहीं जलतीं :** बिजली के पैनल खराब हो जाने से खुले में बिजली के तार जमीन पर पड़े हैं। लोगों का कहना है कि ट्रांसफार्मर के फुंकने पर पीने की पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है। मुख्य गेट व चार दीवारी नीचे होने व मुख्य गेट टूट जाने से सोसायटी परिसर में असामाजिक तत्वों का आना जाना लगा रहता है। जिससे महिलाएं अपने आपको असुरक्षित महसूस करती है। वहीं गलियों में लगी स्ट्रीट लाइट नहीं है जो हैं ।

## चंडीगढ़ में क्लर्क व स्टेनो की भर्ती पर रोक, नियमों को मिली चुनौती



**चंडीगढ़, एजेंसी।** यूटी प्रशासन में क्लर्क और स्टेनो टाइपिस्ट पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया पर सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (कैट) ने अंतरिम रोक लगा दी है। भर्ती को लेकर शैक्षणिक योग्यता और वेतनमान के लिए तय किए गए नियमों को कैट में चुनौती दी गई थी। कैट ने पहली नजर में केस को स्वीकार करते हुए भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने के निर्देश दिए। अब मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी और तब तक भर्ती प्रक्रिया पर रोक रहेगी। मामले में याचिकाकर्ता ने 30 जनवरी 2026 की अधिसूचना को चुनौती देते हुए कहा कि इसमें तय की गई शैक्षणिक योग्यता और वेतनमान केंद्र सरकार के नियमों के अनुरूप नहीं हैं। याचिका में यह भी मांग की गई कि 31 मार्च और चार अप्रैल 2026 को जारी सार्वजनिक नोटिस को रद किया जाए, जिनके जरिए 234 क्लर्क और 23 स्टेनो टाइपिस्ट पदों के लिए आवेदन मांगे गए। याचिकाकर्ता का तर्क था कि 2022 में गृह मंत्रालय द्वारा जारी नियमों के अनुसार चंडीगढ़ प्रशासन के कर्मचारियों की सेवा शर्तें केंद्र सरकार के समान होनी चाहिए। इसके बावजूद नई भर्ती में क्लर्क और स्टेनो पदों के लिए अलग नियम अपनाए गए हैं। वहीं, चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से दलील दी गई कि संविधान के अनुच्छेद 309 और पूर्व अधिसूचनाओं के तहत प्रशासन को भर्ती नियम बनाने का अधिकार है और 2026 के नियम उसी के तहत बनाए गए हैं। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद ट्रिब्यूनल ने पाया कि प्रथम दृष्टा भर्ती नियम केंद्र सरकार के निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं और आवश्यक स्वीकृति भी नहीं ली गई है। ट्रिब्यूनल ने अंतरिम राहत देते हुए 31 मार्च और चार अप्रैल के नोटिस के तहत जारी भर्ती प्रक्रिया पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है।

## डोनाल्ड ट्रंप की चीन यात्रा से पहले दोनों देशों के मंत्रियों के बीच बातचीत, कई अहम मद्दों पर हुई चर्चा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आगामी चीन यात्रा को लेकर दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय चर्चा शुरू हो गई है। गुरुवार को अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने चीनी उप-प्रधानमंत्री हे लिफेंग के साथ बातचीत की। यह बातचीत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 14 और 15 मई को चीन की प्रस्तावित यात्रा से पहले हुई। स्कॉट बेसेंट ने इस चर्चा को काफी स्पष्ट और विस्तृत बताया। उन्होंने चीन के उन व्यापारिक नियमों पर गहरी चिंता जताई जो अपनी सीमाओं से बाहर जाकर वैश्विक सप्लाई चेन को प्रभावित कर रहे हैं। बेसेंट ने कहा कि इन नियमों का दुनिया भर के व्यापार पर बुरा असर पड़ रहा है। हालांकि, उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच होने वाली शिखर बैठक को लेकर सकारात्मक उम्मीदें भी जताईं।



**मार्को रुबियो और चीन के विदेश मंत्री ने की फोन पर बात:** इसी बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच भी फोन पर बातचीत हुई। वांग यी ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच होने वाली बातचीत ही आपसी रिश्तों का आधार है। उन्होंने कहा कि शी जिनपिंग और डोनाल्ड ट्रंप के मार्गदर्शन में दोनों देशों के संबंध स्थिर रहे हैं। वांग यी ने आपसी सहयोग बढ़ाने और मतभेदों को सही तरीके से सुलझाने की अपील की।

## ब्रिटेन में आतंकी हमले का खतरा बढ़ा: जांच एजेंसी ने यहूदी समुदाय को किया अलर्ट, गृह मंत्री ने जताई चिंता

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में आतंकी खतरे का स्तर सब्स्टैंशल से बढ़ाकर सीवियर कर दिया गया है। इससे यह संकेत मिलता है कि देश में आतंकी हमला होने की संभावना अब काफी अधिक मानी जा रही है। यह फैसला उत्तर-पश्चिम लंदन के गोल्डर्स ग्रीन इलाके में हुए यहूदी विरोधी चाकूबाजी हमले के बाद सामने आया है।हालांकि ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी से जुड़े संयुक्त आतंकवाद विश्लेषण केंद्र (छ्वञ्जष्ट) ने स्पष्ट किया है कि खतरे का स्तर बढ़ाने का निर्णय केवल इसी घटना के आधार पर नहीं लिया गया, बल्कि पिछले कुछ समय से देश में आतंकी खतरे में लगातार वृद्धि देखी जा रही थी। जेएटीसी के अनुसार, यह बढ़ता खतरा मुख्य रूप से इस्लामी कट्टरपंथ और चरम दक्षिणपंथी विचारधाराओं से प्रेरित छोटे समूहों और अकेले



हमलावरों से जुड़ा हुआ है, जो देश के भीतर सक्रिय हैं।

**गृह मंत्री ने सुरक्षा का दिया आश्वासन:** ब्रिटेन की गृह मंत्री शबाना महमूद ने कहा कि सीवियर स्तर का मतलब है कि आतंकी हमला अत्यधिक संभावित है और यह स्थिति कई लोगों, खासकर यहूदी समुदाय के लिए चिंता का कारण बन सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार यहूदी समुदाय की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त कदम उठा रही है, जिसमें सिनेगॉग, स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों की सुरक्षा के लिए रिकॉर्ड स्तर पर फंडिंग और पुलिस व्यवस्था बढ़ाना शामिल है।

**आतंकी खतरे का पांच स्तर:** ब्रिटेन में आतंकी खतरे का स्तर पांच चरणों में तय किया जाता है, जिसमें सीवियर स्तर सबसे ऊंचे क्रिटिकल से ठीक एक स्तर नीचे है। क्रिटिकल का अर्थ होता है कि हमला निकट भविष्य में होने की आशंका है। ऐसे में सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

**पिछले दिनों हुआ था चाकू से हमला:** यह निर्णय उस हमले के बाद आया है जिसमें दो यहूदी पुरुषों एक 76 वर्षीय और दूसरा 34 वर्षीय को सड़क पर चाकू मार दिया गया। इस मामले में 45 वर्षीय सोमालिया मूल के एक ब्रिटिश नागरिक को मौके से गिरफ्तार किया गया है और वह फिलहाल पुलिस हिरासत में है।

**हाल के महीनों में हुई ऐसी कई घटनाएं:** हाल के महीनों में लंदन में यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। 23 मार्च को गोल्डर्स ग्रीन में स्वयंसेवकों द्वारा संचालित चार एंबुलेंसों में आग लगा दी गई थी, जिससे धमाके भी हुए थे।

इस मामले में तीन लोगों पर आरोप तय किए गए हैं। इसके अलावा, हाल ही में उसी इलाके में एक मेमोरियल वॉल को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई, जिसकी जांच फिलहाल काउंटर-टेररिज्म पुलिस कर रही है। 21 अप्रैल को पुलिस ने यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर आगजनी की साजिश रचने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया था। इसी दिन एक 17 वर्षीय किशोर ने केंटन स्थित एक सिनेगॉग पर पेट्रोल बम से हमला करने की बात स्वीकार की थी।

# व्हाइट हाउस का सुरक्षा घेरा तोड़कर घुसा हमलावर डिनर के समय फायरिंग की नई वीडियो में क्या

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में 25 अप्रैल को हुए हाई-प्रोफाइल हमले का वीडियो अब सामने आया है। इस घटना की सिक्योरिटी फुटेज अमेरिकी अटॉर्नी जीनिन फेरिस पिरो ने सार्वजनिक की, जिसमें आरोपी की पूरी गतिविधि साफ दिखाई देती है।

वीडियो के मुताबिक, 31 वर्षीय कोल टॉमस एलन वाशिंगटन हिल्टन होटल में आयोजित व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स एसोसिएशन डिनर के दौरान सुरक्षा चेकपॉइंट को पार कर अंदर घुसता है और कथित तौर पर एक सीक्रेट सर्विस एजेंट पर बेहद करीब से गोली चला देता है। एजेंट को सीने में गोली लगी, लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से उसकी जान बच गई। घटना के समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी कार्यक्रम में मौजूद थे। गोलीबारी होते ही उन्हें तुरंत सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। बाद में ट्रंप और सीक्रेट सर्विस प्रमुख ने



स्पष्ट किया कि घायल एजेंट फ्रेंडली फायर का शिकार नहीं हुआ था।

**हमले से पहले की रेकी भी कैमरे में कैद:** जांच एजेंसियों ने एक और वीडियो जारी किया है, जिसमें आरोपी को हमले से एक दिन पहले यानी 24 अप्रैल को होटल के अलग-अलग हिस्सों, हॉलवे और जिम एरिया में घूमते देखा गया। इससे साफ है कि उसने पहले से योजना बनाकर रेकी की थी।

**कई हथियारों के साथ पहुंचा था आरोपी:** जांच में सामने आया है कि एलन अपने साथ 12-बोर पंप-एक्शन शॉटगन और तीन चाकू लेकर आया था। उसने कैलिफोर्निया के टॉरेंस से ट्रेन के जरिए वॉशिंगटन तक यात्रा की और होटल में कमरा भी बुक किया था।

**हत्या की कोशिश समेत कई गंभीर आरोप:** अमेरिकी न्याय विभाग ने एलन पर राष्ट्रपति की हत्या की कोशिश सहित कई संघीय आरोप लगाए हैं। दोषी पाए जाने पर उसे उम्रकैद की सजा हो सकती है। साथ ही, अवैध रूप से हथियार ले जाने और हिंसक अपराध में गोली चलाने के आरोप भी जोड़े गए हैं। अदालत में पेशी के दौरान एलन ने आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन उसने खुद को कंप्यूटर साइंस में मास्टर डिग्री धारक बताया। अभियोजक जोसेलिन बैलांटाइन ने कहा कि आरोपी ने अमेरिका के राष्ट्रपति की हत्या की कोशिश की।

**खुद को बताया दोस्ताना संघीय हत्यारा:** जांच एजेंसियों के अनुसार, एलन ने अपने परिवार को संदेश भेजकर खुद को दोस्ताना संघीय हत्यारा बताया था और ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को निशाना बनाने की योजना का जिक्र किया था। अधिकारियों को शक है कि राष्ट्रपति भी उसके संभावित टारगेट में शामिल थे। यूएस मैजिस्ट्रेट जज मैथ्यू शरबॉघ ने आरोपी को फिलहाल हिरासत में रखने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई में यह तय होगा कि उसे ट्रायल तक जेल में रखा जाएगा या नहीं। बचाव पक्ष की वकील तेजिरा अबे ने कहा कि आरोपी का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

**घटना से मचा हड़कंप, सुरक्षा पर उठे सवाल:** इस गोलीबारी से कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए टेबलों के नीचे छिप गए। सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को बाहर निकाला। इस घटना ने अमेरिका में बढ़ती राजनीतिक हिंसा को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लैंच ने कहा कि हिंसा का लोकतांत्रिक समाज में कोई स्थान नहीं है। अधिकारियों के अनुसार, मामले में आगे और भी आरोप जोड़े जा सकते हैं।

## सड़क पर खड़े डंपर से टकराई कार, चालक की हालत गंभीर



**हुगली, एजेंसी।** हुगली जिले के गोघाट के रघुबाती मोड़ इलाके में शुक्रवार को हुए एक सड़क हादसे एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सड़क किनारे एक डंपर खड़ा था। उसी दौरान आरामबाग की ओर से आ रही एक चारपहिया गाड़ी नियंत्रण खो बैठी और खड़े डंपर के पीछे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। सूचना मिलने पर गोघाट थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को तुरंत कामारपुकुर अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। शुरुआती तौर पर तेज रफ्तार या लापरवाही को दुर्घटना की वजह माना जा रहा है। घटना के कारण कुछ समय के लिए इलाके में यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में पुलिस ने नियंत्रित कर सामान्य कर दिया।

# अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर सीधी में श्रमिक कल्याण की नई पहलें शुरू

## शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार योजनाओं से मिल रहा व्यापक लाभ

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सीधी जिले में श्रमिकों एवं उनके परिवारों के समग्र कल्याण हेतु अनेक प्रभावी और दूरगामी पहलें शुरू की गई हैं। आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय एवं श्रम पदाधिकारी आकांक्षा पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन श्रमिकों के जीवन में सुरक्षा, सम्मान और स्थायित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार से जुड़ी योजनाओं का सुदृढ़ क्रियान्वयन कर रहा है।



श्रम पदाधिकारी आकांक्षा पाठक ने बताया कि जिले में 'श्रमोदय कोचिंग' नामक अभिनव पहल शुरू की गई है। इसके तहत मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना एवं भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कार्डधारी श्रमिकों के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग और मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है यह कोचिंग चुरहट में प्रत्येक शनिवार सायं 4 बजे से 6 बजे तक संचालित होगी, जिससे श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर भविष्य के अवसर प्राप्त होंगे। जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में आयोजित समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला में श्रमिकों के पंजीयन, पलायन की समस्या और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष चर्चा की गई सचिवों, ग्राम रोजगार सहायकों, ठेकेदारों और श्रमिकों की सहभागिता से जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में नियमित ग्राम सभाएं आयोजित करने और प्रवासी श्रमिकों का डेटा संकलन कर रिकॉर्ड तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। 10 लाख रुपये से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का अनिवार्य पंजीयन तथा श्रमिकों का संबल या अन्य बोर्ड में पंजीयन सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत असंगठित श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु के बाद प्रतिमाह 3000 रुपये की पेंशन प्रदान की जाएगी। साथ ही मृत्यु की स्थिति में परिवार को पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा। जिले में अब तक 213 पंजीयन किए जा चुके हैं जिससे सीधी प्रदेश में 13वें स्थान पर है। वहीं संबल 2.0 के लंबित प्रकरणों के निराकरण में जिला प्रदेश में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। श्रमिकों को योजनाओं का लाभ सीधे उपलब्ध कराने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों-कुसमी (टमसार), नगर पालिका सीधी (लालता चौक), सिहावल (बहरी), सीधी (पडरा) और रामपुर नैकिन (धनहा)-में विशेष शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में पंजीयन, मार्गदर्शन और हितलाभ वितरण किया गया। नगर पालिका क्षेत्र में सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इसके अलावा स्व-सहायता समूहों की महिलाओं का पंजीयन और 'युवा संगम करियर मेला' के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। जिले में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार योजना के अंतर्गत 52,400 श्रमिकों का पंजीयन किया गया है। इनमें से 3502 प्रकरणों में 18 करोड़ 23 लाख रुपये से अधिक की सहायता राशि वितरित की गई है। ग्राम पंचायत धनहा में 10 लाख रुपये की लागत से रैन बसेरा का निर्माण भी कराया जा रहा है। संबल योजना के अंतर्गत 66,198 पंजीयन किए गए हैं और 14,165 हितग्राहियों को 1 अरब 15 करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936, औद्योगिक विवाद अधिनियम 1948 और उपादान भुगतान अधिनियम 1972 के अंतर्गत प्राप्त अधिकांश मामलों का सफल निराकरण किया गया है। श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। साथ ही बाल श्रम उन्मूलन के लिए नियमित निरीक्षण और जिला टास्क फोर्स की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। पिछले वर्ष 40 निरीक्षणों में 3 मामलों में कार्रवाई की गई।

## स्वरोजगार मेला, 700 ने किया एप्लाई 15 कंपनियों ने लगाए स्टॉल



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** रामपुर नैकिन महाविद्यालय में युवा संवाद एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया इस मेले में 700 युवाओं ने विभिन्न पदों के लिए आवेदन किया जिनमें से 200 को रोजगार प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है सांसद डॉ. राजेश मिश्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक चले इस रोजगार मेले में 15 से अधिक कंपनियों ने शिरकत की लगभग 700 युवाओं ने आवेदन किया जिनमें आईटीआई, डिप्लोमा और कंप्यूटर कोर्स किए हुए अभ्यर्थी प्रमुख थे ये युवा रामपुर नैकिन क्षेत्र के लगभग 90 गांवों से आए थे सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेला क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार युवाओं के हित में लगातार कार्य कर रही है और भविष्य में और अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे उन्होंने निजी कंपनियों के सहयोग से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। इस आयोजन ने युवाओं को रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का मंच प्रदान किया मेले में शामिल युवाओं ने इसे अपने भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया और जल्द रोजगार मिलने की उम्मीद जताई।

# रीवा में इन्वेस्ट्रैक की हाईटेक शाखा का भव्य शुभारंभ

## ढेकहा तिराहा स्थित नई ब्रांच में मिलेंगी आधुनिक निवेश सुविधाएं

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर के ढेकहा तिराहा क्षेत्र में निवेश सेवाओं के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है इन्वेस्ट्रैक की अत्याधुनिक और हाईटेक शाखा का भव्य शुभारंभ समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया।



कार्यक्रम की शुरुआत नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई, जिसने आयोजन को पारंपरिक और शुभ वातावरण प्रदान किया इसके पश्चात बद्रीका ग्रुप के चेयरमैन सुनील सिंह ने रिबन काटकर नई शाखा का औपचारिक उद्घाटन किया कंपनी के डायरेक्टर सुधीश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस नई शाखा में महानगरों के स्तर की आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है यहां ग्राहकों को निवेश और वित्तीय योजनाओं से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी सरल, स्पष्ट और डिजिटल माध्यमों से उपलब्ध कराई जाएगी उन्होंने कहा कि कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर और सुरक्षित निवेश विकल्प प्रदान करना है जिससे उन्हें अधिकतम रिटर्न मिल सके।

अपने संबोधन में सुनील सिंह ने कहा कि अब तक रीवा जैसे शहरों के लोगों को उन्नत निवेश सुविधाओं के लिए दिल्ली, मुंबई और इंदौर जैसे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था जिससे समय और धन दोनों की हानि होती थी लेकिन अब इन्वेस्ट्रैक की इस नई पहल से स्थानीय स्तर पर ही आधुनिक निवेश सेवाएं उपलब्ध होंगी जो क्षेत्र के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

उन्होंने इस सराहनीय प्रयास के लिए कंपनी के डायरेक्टर सुधीश मिश्रा और कंपनी के सी.जी.एस.ओ. रवि मिश्रा को बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान एन.पी. मिश्रा, डॉ. सतीश सिंह, राजीव शर्मा, एम.पी. सिंह, सेमंती सिंह, डॉ. शैलवाला वास्तव, डॉ. आर.पी. जोशी, अंकुर काकवानी, अमित मंशानी, देवाशीष अवस्थी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं परिजन उपस्थित रहे। नई शाखा के शुभारंभ के साथ ही रीवा में निवेश सेवाओं का दायरा और अधिक सशक्त होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस पर रामपुर नैकिन में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर नगर पंचायत रामपुर नैकिन में श्रमिकों एवं आम नागरिकों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया यह शिविर जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया शिविर का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को सुलभ एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना तथा उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिकों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई चिकित्सकों की टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ रक्तचाप, शुगर एवं अन्य आवश्यक जांचें की गईं। विशेष रूप से टीबी (क्षय रोग) की जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई जिससे संभावित मरीजों की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जा सके जांच के उपरांत मरीजों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया उन्हें संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित दिनचर्या और रोगों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही टीबी जैसे संक्रामक रोगों के लक्षण जांच और उपचार के प्रति जागरूक किया गया आयुष विभाग द्वारा पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और घरेलू उपचार के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।



## एमई संवाद कार्यक्रम आयोजित, युवाओं को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित


**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रामपुर नैकिन में आयोजित युवा संगम कार्यक्रम के तहत एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) एवं स्टार्टअप इकाइयों के साथ एक प्रभावी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना तथा जिले में उद्यमिता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में स्वरोजगार ही आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर अपने स्वयं के व्यवसाय की शुरुआत करें और दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित करें। कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित एमएसएमई एवं स्टार्टअप संचालकों ने अपने अनुभव साझा किए उन्होंने बताया कि किस प्रकार उन्होंने सरकारी योजनाओं के सहयोग से अपने व्यवसाय की स्थापना की और उसे सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया उद्यमियों ने युवाओं को नवाचार अपनाने, स्थानीय संसाधनों का उपयोग करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

संवाद कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा स्वरोजगार से संबंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। युवाओं को ऋण योजनाओं, अनुदान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और अन्य सुविधाओं के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही, व्यवसाय शुरू करने में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

### सीधी के पतुलखी खरीदी केंद्र पर भीगा गेहूं

# तहसीलदार ने किया निरीक्षण चार दिन से खड़े ट्रक को देखकर हुए नाराज

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले के बहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पतुलखी स्थित गेहूं खरीदी केंद्र का बहरी तहसीलदार इंद्रभान सिंह ने दोपहर करीब 2 बजे निरीक्षण किया यह निरीक्षण गुरुवार को हुई तेज बारिश के कारण केंद्र में रखे गेहूं के भीगने और खराब होने की शिकायत के बाद किया गया तहसीलदार ने लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने समिति प्रबंधक अमलेश पाठक सहित मौजूद कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए उन्होंने कहा कि जितनी भी गेहूं की खरीदी हो रही है उसकी तत्काल सिलाई कर सुरक्षित रूप से गोदाम के अंदर रखा जाए ताकि आगे किसी भी नुकसान से बचा जा सके। तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि यदि गेहूं भीगता है या खराब होता है तो इसकी जिम्मेदारी सिर्फ किसान की नहीं होगी बल्कि समिति प्रबंधक और संबंधित कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी उन्होंने जोर देकर कहा कि खरीदी केंद्रों पर लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी को लगातार निगरानी रखने की जरूरत है। उन्होंने वेयरहाउस प्रबंधन को भी निर्देशित किया कि भंडारण व्यवस्था को दुरुस्त रखें और बारिश से बचाव के पुख्ता इंतजाम करें। निरीक्षण के दौरान एक और बड़ी लापरवाही सामने आई, जहां गेहूं परिवहन के लिए आया ट्रक (क्रमांक MP HB 2254) पिछले चार दिनों से खरीदी केंद्र के बाहर खड़ा मिला इस पर तहसीलदार ने नाराजगी



# रेलवे चौपाल का आयोजन, शिकायतों के त्वरित निराकरण पर जोर

## रीवा-सीधी-सिंगरौली रेलवे परियोजना से प्रभावितों की समस्याएं मौके पर सुनी गईं





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** रीवा-सीधी-सिंगरौली नई रेलवे लाइन परियोजना के अंतर्गत जिले में विभिन्न स्थानों पर रेलवे चौपाल का आयोजन किया गया। चुरहट, रामपुर नैकिन, सीधी रेलवे स्टेशन एवं चंदवाही में आयोजित इन चौपालों का उद्देश्य भू-अर्जन एवं निर्माण कार्यों से जुड़ी शिकायतों का त्वरित निराकरण करना तथा जनसंवाद को सशक्त बनाना रहा जिला प्रशासन की इस पहल में बड़ी संख्या में प्रभावित ग्रामीणों और नागरिकों ने भाग लिया उन्होंने अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखीं चौपाल में राजस्व, रेलवे एवं भू-अर्जन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे जिन्होंने मौके पर ही शिकायतों को सुना और उनका समाधान करने का प्रयास किया जिन मामलों का तत्काल निराकरण संभव नहीं था, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।

चौपाल के दौरान भूमि अधिग्रहण, मुआवजा भुगतान, सीमांकन, पहुंच मार्ग तथा निर्माण कार्यों से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दे सामने आए। अधिकारियों ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि प्रभावितों को समयबद्ध राहत मिल सके इस अवसर पर नागरिकों ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से उन्हें अपनी समस्याएं सीधे रखने का अवसर मिलता है और समाधान की प्रक्रिया में पारदर्शिता भी सुनिश्चित होती है अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में कलेक्टर क विकास मिश्रा द्वारा रामपुर नैकिन तहसील के ग्राम झांझ से चुरहट तक रेलवे परियोजना के कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। उसी क्रम में रेलवे चौपाल की शुरुआत की गई है ताकि परियोजना से प्रभावित लोगों की समस्याओं का समाधान और अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सके। जिला प्रशासन का यह प्रयास न केवल शिकायत निवारण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है बल्कि इससे आमजन और प्रशासन के बीच संवाद भी मजबूत हो रहा है।

# श्रमोदय कोचिंग का शुभारंभ मेहनतकश परिवारों के बच्चों को मिला नया अवसर

## बुद्ध पूर्णिमा पर शुरू हुई पहल, श्रमिकों के बच्चों को मिलेगा नि:शुल्क मार्गदर्शन





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस और बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट में श्रमोदय कोचिंगका शुभारंभ किया गया। जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग की संयुक्त पहल से शुरू हुई इस योजना का उद्देश्य श्रमिकों के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए गुणवत्तापूर्ण और नि:शुल्क मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है।

इस कोचिंग कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना तथा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम, 1996 के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को लाभान्वित किया जाएगा। कोचिंग प्रत्येक शनिवार सायं 4 बजे से 6 बजे तक संचालित होगी जिसमें अनुभवी शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान उपखंड अधिकारी चुरहट विकास आनंद ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जिससे श्रमिक परिवारों के बच्चे भी अपने सपनों को साकार कर सकते हैं उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमितता और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने की सलाह दी। साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करें और कोचिंग में नियमित रूप से भेजें। श्रम पदाधिकारी आकांक्षा पाठक ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। श्रमोदय कोचिंग इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो शिक्षा के माध्यम से श्रमिक परिवारों के बच्चों के भविष्य को संवारने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि संसाधनों के अभाव में कई प्रतिभाशाली बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते ऐसे में यह पहल उनके लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगी। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव तिवारी ने कहा कि इस योजना को सफल बनाने के लिए जनपद स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी उन्होंने इसे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और अभिभावकों में विशेष उत्साह देखा गया। अधिकारियों ने छात्रों से संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया और उन्हें अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। श्रमोदय कोचिंगन केवल शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल है, बल्कि यह श्रमिक परिवारों के बच्चों को आत्मनिर्भर बनने और अपने सपनों को साकार करने का एक सशक्त माध्यम भी बनेगी।

## खुटेली में विवाहिता का शव फंदे पर मिला मायके पक्ष ने हत्या और दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सिहावल जनपद की ग्राम पंचायत खुटेली में शुक्रवार सुबह एक 23 वर्षीय विवाहिता का शव घर में फंदे पर लटका मिला मृतका की पहचान साधना विश्वकर्मा (पति पुष्पेंद्र विश्वकर्मा) के रूप में हुई है। मायके पक्ष ने हत्या और दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है परिजनों की सूचना पर बहरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी राजेश पांडे अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जायजा लिया। तहसीलदार इंद्रभान सिंह भी मौके पर मौजूद रहे और आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई मृतका के भाई शिवम विश्वकर्मा ने आरोप लगाया है कि उनकी बहन की हत्या कर शव को फंदे पर लटकाया गया है। उन्होंने बताया कि शादी के बाद से ही साधना को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था इस संबंध में कई बार विवाद भी हुए थे जिन्हें ग्रामीणों ने सुलझाया था। परिजनों ने प्रशासन से दो डॉक्टरों की टीम से पोस्टमार्टम कराने की मांग की है ताकि निष्पक्ष जांच हो सके। मृतका की एक दो साल की बच्ची भी है। थाना प्रभारी राजेश पांडे ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया है शव को पोस्टमार्टम के लिए बहरी अस्पताल भेजा गया है उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बंगाल में भाजपा का अनुमान

संपादकीय

एग्जिट पोल का पहला, महत्वपूर्ण, परिवर्तनकारी अनुमान यह है कि सात में से पांच पोल्स ने पश्चिम बंगाल में भाजपाई सत्ता का अनुमान लगाया है। विभिन्न एग्जिट पोल्स का सार-रूप पोल यह है कि भाजपा को 166 और ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस को 121 सीटें मिल सकती हैं। बंगाल में 294 सदस्यों की विधानसभा है, लिहाजा सामान्य बहुमत का आंकड़ा 148 माना जाता है। इस बार बंगाल में बंपर मतदान हुआ है। दोनों चरणों में कुल मतदान 92.84 फीसदी हुआ है। अकेले दूसरे चरण में ही 92.48 फीसदी मतदान किया गया। यकीनन यह अभूतपूर्व और ऐतिहासिक मतदान है। कारण जो भी हो, लेकिन ऐसे मतदान के लिए मतदाता ही बधाई और जागृति के पात्र हैं। ऐसे मतदान का निष्कर्ष कुछ भी हो सकता है। उस निष्कर्ष के लिए 4 मई तक का इंतजार करना चाहिए। वैसे हम भारत में एग्जिट पोल को वैज्ञानिक नहीं मानते, क्योंकि बंगाल में मतदान शाम 6 बजे के बाद भी जारी था, लेकिन एग्जिट पोल के आंकड़े अपराह्न 3 बजे के आसपास ही टीवी चैनलों को भेज दिए गए। इस तरह मतदाताओं का रुझान कैसे आंका जा सकता है? पोल्स का साइज कितना बड़ा था, कितने मतदाताओं से बातचीत की गई, कितने समय बातचीत हुई, उनके ब्यौरे सार्वजनिक नहीं किए जाते, नतीजतन एग्जिट पोल औंधे मुंह गिरते रहे हैं। भारतीय राजनीति के संदर्भ में अक्सर एग्जिट पोल अथवा सर्वेक्षण गलत साबित होते रहे हैं। मसलन-2004 में 'भारत उदय' के मुद्दे पर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की एनडीए सरकार की बरकरारी के अनुमान लगभग सभी पोल्स में लगाए गए थे, लेकिन भाजपा 138 सीटों पर ही ठहर गई और 145 सीटों के साथ कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी। बाद में यूपीए के बैनर तले 'खिचड़ी सरकार' बनी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा-एनडीए को 415 सीटें जीतने की भविष्यवाणी की गई थी। भाजपा 240 सीटों पर और कुल एनडीए 293 सीटों पर ही ठहर गए। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हरियाणा आदि राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और सहयोगी दलों की सरकारें बनने के अनुमान लगाए गए थे, लेकिन तीनों महत्वपूर्ण राज्यों में भाजपा सरकारें बनीं। ओडिशा में भी भाजपा सरकार बनी। महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी (अजित पवार) के साथ भाजपा के गठबंधन को नया नाम भी दिया गया-'महायुति।' एग्जिट पोल्स के गलत साबित होने के अनेक उदाहरण हैं, लेकिन हम फिर भी उन्हें न तो खारिज कर रहे हैं और न ही पूरी तरह स्वीकार करने की मनःस्थिति में हैं।

## अशांति से शांति की ओर यात्रा ही है बुद्ध का मार्ग

**योगेश कुमार गोयल**

अंधकार से प्रकाश की ओरः बुद्ध पूर्णिमा का जीवन-दर्शन

प्रतिवर्ष वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। बुद्ध पूर्णिमा इस वर्ष 1 मई को है। माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। गौतम उनका गौत्र था किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया परन्तु धीरे-धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया।

सिद्धार्थ मन की शांति पाने के उद्देश्य से एक दिन भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े। रास्ते में उनका मनुष्य की दुःख की चार घटनाओं से साक्षात्कार हुआ। जब उन्होंने दुःख के इन कारणों को जाना तो मोहमाया और ममता का परित्याग कर पूर्ण सन्यासी बन गए। सबसे पहले उन्होंने मार्ग में एक रोगी व्यक्ति को देखा और सारथी से पूछा, ''यह प्राणी कौन है और इसकी यह कैसी दशा है?''

सारथी ने बताया, ''यह भी एक मनुष्य है और इस समय यह बीमार है। इस दुनिया में हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी रोगी होकर दुःखों का सामना करना ही पड़ता है।''

आगे बढ़ने पर सिद्धार्थ ने मार्ग से गुजरते एक वृद्ध, निर्बल व कृशकाय व्यक्ति और उसके बाद एक मृत व्यक्ति की अर्थी ले जाते विलाप करते लोगों को देखा तो हर बार सारथी से उसके बारे में पूछा। सारथी ने एक-एक कर उन्हें मनुष्य की इन चारों अवस्थाओं के बारे में बताया कि हर व्यक्ति को कभी न कभी बीमार होकर कष्ट झेलने पड़ते हैं। बुढ़ापे में काफी दुःख झेलने पड़ते हैं, उस अवस्था में मनुष्य दुर्बल व कृशकाय होकर चलने-फिरने में भी कठिनाई महसूस करने लगता है और आखिर में उसकी मृत्यु हो जाती है।

सिद्धार्थ यह रहस्य जानकर बहुत दुःखी हुए। आगे उन्हें एक साधु नजर आया, जो बिल्कुल शांतचित्त था। साधु को देख सिद्धार्थ के मन को अपार शांति मिली और उन्होंने विचार किया कि साधु जीवन से ही मानव जीवन के इन दुखों से मुक्ति संभव है। बस फिर क्या था, देखते ही देखते सिद्धार्थ सांसारिक मोहमाया के जाल से बाहर निकलकर पूर्ण वैरागी बन गए और एक दिन रात्रि के समय पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को गहरी नींद में सोता छोड़ उन्होंने घर-परिवार और राजसी सुखों का परित्याग कर दिया तथा सत्य एवं ज्ञान की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर भटकते रहे। उन्होंने छह वर्षों तक जंगलों में कठिन तप किया और सूखकर कांटा हो गए किन्तु ज्ञान की प्राप्ति न हो सकी। उसके बाद उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक शक्ति प्राप्त की और बोध गया में एक पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर गहन चिंतन में लीन हो गए तथा मन में दृढ़ निश्चय कर लिया कि इस बार ज्ञान प्राप्त किए बिना वे यहां से नहीं उठेंगे।

सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा। उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृश्य देखा तो उन्होंने ही राजकुमार सिद्धार्थ को पहली बार 'तथागत' कहकर संबोधित किया। 'तथागत' यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला। पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया, वह वृक्ष 'बोधिवृक्ष' कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोध गया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को 'महात्मा बुद्ध' कहा गया। महात्मा बुद्ध मन की साधना को ही सबसे बड़ी साधना मानते थे। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में उन्होंने दुनियाभर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए।

# गरीब को न्याय भी दिलायेगा गंगा एक्सप्रेस- वे

**बीपी गौतम**

उत्तर प्रदेश को पवित्र गंगा उपजाऊ प्रदेश बनाती है और अब गंगा एक्सप्रेस- वे उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लोकार्पण कर गंगा एक्सप्रेस- वे जनता को समर्पित कर दिया, इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछड़े, बीमारू और अपराध प्रदेश कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश में अब कानून का राज है, वह वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, इन शब्दों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेहनत को पुरस्कृत कर दिया। गंगा एक्सप्रेस- वे से आवागमन ही सुगम नहीं होगा बल्कि, व्यापार बढ़ेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा, किसानों को सही मूल्य मिलेगा, बीमार को समय पर उपचार मिलेगा, साथ ही गंगा एक्सप्रेस- वे गरीब को न्याय दिलाने में भी सहायक होगा। बीपी गौतम उत्तर प्रदेश की हृदय रेखा गंगा एक्सप्रेस- वे पर ही चर्चा कर रहे हैं... अपराध प्रदेश में है अब कानून का राजः मोदी

भारत माता की जय।

गंगा मइया की जय।

गंगा मइया की जय।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, यहां के मुख्यमंत्री कमान योगी आदित्यनाथ जी, उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश जी पाठक, केंद्रीय मंत्रिमंडल के मेरे सहयोगी जितिन प्रसाद जी, पंकज चौधरी जी, यूपी सरकार के मंत्रीगण, सांसद और विधायकगण, अन्य जनप्रतिनिधि और विशाल संख्या में पधारे हुए मेरे प्यारे भाइयों और बहनों।

सर्वप्रथम, मैं भगवान नरसिंह की इस पुण्य भूमि को प्रणाम करता हूं। यहां से कुछ किलोमीटर की दूरी पर मां गंगा कृपा बहाती हुई गुजरती है। इसलिए, यह पूरा क्षेत्र ही तीर्थ से कम नहीं है। और मैं मानता हूं यूपी को एक्सप्रेस- वे का यह वरदान, यह भी मां गंगा का ही आशीर्वाद है। अब आप कुछ ही घंटों में संगम भी पहुंच सकते हैं और काशी में बाबा के दर्शन करके भी वापस आ सकते हैं।

साथियों, जैसे मां गंगा हजारों वर्षों से यूपी की और इस देश की जीवन रेखा रही है, वैसे ही आधुनिक प्रगति के इस दौर में, उनके समीप से गुजरता ये एक्सप्रेस- वे, यह यूपी के विकास की नई लाइफ लाइन बनेगा। यह भी अद्भुत संयोग है कि पिछले चार-पांच दिनों में, मैं मां गंगा के सानिध्य में ही रहा हूं। 24 अप्रैल को मैं जब बंगाल में था तो, मां गंगा के दर्शन किए थे और फिर कल तो मैं काशी में था। आज सुबह ही फिर बाबा विश्वनाथ, मां अन्नपूर्णा और मां गंगा के दर्शन करने का सौभाग्य मिला है और अब मां गंगा के नाम पर बने, इस एक्सप्रेस- वे के लोकार्पण का अवसर मिला है। मुझे खुशी है कि यूपी सरकार ने इस एक्सप्रेस- वे का नाम मां गंगा के नाम पर रखा है, इसमें विकास का हमारा विजन भी झलकता है और हमारी विरासत के भी दर्शन होते हैं। मैं यूपी के करोड़ों लोगों को गंगा एक्सप्रेस- वे की बधाई देता हूं।

साथियों,

आज लोकतंत्र के उत्सव का भी एक अहम दिन है। बंगाल में इस समय दूसरे चरण का मतदान हो रहा है और जो खबरें आ रही हैं, उनसे पता चलता है कि बंगाल में भारी मतदान हो रहा है। पहले चरण की तरह ही जनता वोट देने के लिए बड़ी संख्या में घरों से निकल रही हैं, लंबी-लंबी का कतारों की तस्वीरें सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। पिछले 6-7 दशक में जो नहीं हुआ, जिसकी कल्पना भी मुश्किल थी, वैसे निर्भीक वातावरण में बंगाल में इस बार वोटिंग हो रही है। लोग भय मुक्त होकर वोट दे रहे हैं। यह देश के संविधान और देश के मजबूत होते लोकतंत्र का पुण्य प्रतीक है। मैं बंगाल की महान जनता का आभार व्यक्त करता हूं कि वो अपने अधिकार के प्रति इतनी सजग है, बड़ी संख्या में वोटिंग कर रही है। अभी वोटिंग खत्म होने में कई घंटे बाकी हैं, मैं बंगाल के जनता से आग्रह करूंगा कि लोकतंत्र के इस पर्व में ऐसे ही उत्साह से भाग लें।

साथियों,

कुछ समय पहले जब बिहार में चुनाव हुए तो, बीजेपी एनडीए ने प्रचंड जीत दर्ज की थी, एक इतिहास रच दिया था। अभी-अभी कल ही गुजरात में महा नगरपालिका, नगर पालिका, जिला पंचायतें, नगर पंचायतें, तहसील पंचायत, इन सबके चुनाव के नतीजे आए हैं और मेरे उत्तर प्रदेश वासियों को खुशी होगी, 80 से 85 प्रतिशत नगर पालिका और पंचायतों को भाजपा ने जीत ली है और मुझे विश्वास है कि इन पांच राज्यों के चुनाव में भी भाजपा ऐतिहासिक जीत की हैट्रिक लगाने जा रही है। 4 मई के नतीजे, विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करेंगे, देश के विकास की गति को नई ऊर्जा से भरेंगे।

साथियों,

देश के तेज विकास के लिए हमें तेजी से आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का भी निर्माण करना है। दिसम्बर 2021 में गंगा एक्सप्रेस- वे का शिलान्यास करने मैं शाहजहाँपुर आया था। अभी 5 साल से भी कम समय हुआ है और आप देखिए, देश के सबसे बड़े एक्सप्रेस-वे में शुमार यूपी का सबसे लंबा ग्रीन कॉरिडॉर एक्सप्रेस- वे, यह 5 साल के भीतर-भीतर बनकर तैयार हो गया है। आज हरदोई से इसका लोकार्पण भी हो रहा है। यही नहीं, एक ओर गंगा एक्सप्रेस- वे का निर्माण पूरा हुआ है तो, साथ ही, इसके विस्तार की योजना पर काम भी शुरू हो गया है। जल्द ही गंगा एक्सप्रेस- वे, मेरठ से आगे बढ़कर हरिद्वार तक पहुंचेगा। इसके और बेहतर उपयोग के लिए फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस- वे का निर्माण कर, इसे अन्य एक्सप्रेस- वे से भी जोड़ा जाएगा। यह है, डबल इंजन सरकार का विजन! यह है भाजपा सरकार के काम करने की स्पीड! यह है, भाजपा सरकार के काम का तरीका!

भाइयों-बहनों,

कुछ ही दिन पहले मुझे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस- वे के लोकार्पण का अवसर मिला था। तब मैंने कहा था कि यह नए बनते एक्सप्रेस- वे, विकसित होते भारत की हस्तरेखाएं हैं और यह आधुनिक हस्तरेखाएं, आज भारत के उज्ज्वल भविष्य का जयघोष कर रही हैं।

साथियों

अब वो दौर चला गया, जब एक सड़क के लिए दशकों तक इंतजार करना पड़ता था! एक बार घोषणा हो गई तो, वर्षों तक फाइलें चलतीं थीं! चुनाव के लिए पत्थर लग जाता था, उसके बाद सरकारें आती रहतीं थीं, जाती रहतीं थीं लेकिन, काम का कुछ अता-पता नहीं लगता था। कभी-कभी तो पुराने फाइलें ढूंढने के लिए बड़े-बड़े अफसरों को दो-दो साल तक मेहनत करनी पड़ती थी। डबल इंजन सरकार में शिलान्यास भी होता है और तय समय में लोकार्पण भी होकर के रहता है। इसलिए ही आज यूपी के एक्सप्रेस-वे से भी ज्यादा रफ्तार अगर कहीं है तो, वो यूपी के विकास की रफ्तार ही है।

साथियों,

यह एक्सप्रेस- वे केवल एक हाइस्पीड सड़क नहीं है। यह नई संभावनाओं का, नए सपनों का, नए अवसरों का गेट- वे है। गंगा एक्सप्रेस- वे करीब 600 किलोमीटर लंबा है। पश्चिमी यूपी में मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, अमरोहा, सम्भल और बदायूं। मध्य यूपी में शाहजहाँपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली। पूर्वी यूपी में प्रतापगढ़ और प्रयागराज, इनके आस-पास के दूसरे जिले, गंगा एक्सप्रेस-वे, इससे इन इलाकों के करोड़ों लोगों का जीवन बदलेगा।

साथियों,

इन क्षेत्रों को गंगा जी और उनकी सहायक नदियों की उपजाऊ मिट्टी का वरदान मिला है लेकिन, पहले की सरकारों ने जिस तरह किसानों की उपेक्षा की, उसके कारण किसान परेशानियों में ही घिरकर के रह गए! यहाँ के किसानों की फसलें बड़े बाजारों तक नहीं पहुँच पाती थीं। कोल्ड स्टोरेज की कमी थी। लॉजिस्टिक्स का अभाव था। किसानों को उनकी मेहनत का सही मूल्य नहीं मिलता था। अब उन कठिनाइयों का समाधान भी तेजी से होगा। गंगा एक्सप्रेस- वे से कम समय में बड़े बाजारों तक पहुँच मिलेगी। यहाँ खेती के लिए जरूरी इनफ्रास्ट्रक्चर का विकास होगा, इससे हमारे किसानों की आय बढ़ेगी।

साथियों,

गंगा एक्सप्रेस- वे यूपी के एक छोर को दूसरे छोर से तो जोड़ता ही है। यह एनसीआर की असीम संभावनाओं को भी करीब लाएगा। गंगा एक्सप्रेस- वे पर गाड़ियाँ तो दौड़ेंगी ही, इसके किनारे नए औद्योगिक अवसर विकसित होंगे, इसके लिए हरदोई जैसे दूसरे जिलों में इंडस्ट्रियल कॉरिडॉर विकसित किए जा रहे हैं। इससे हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव समेत सभी 12 जनपदों में नए उद्योग आएंगे। अलग-अलग सेक्टर्स जैसे फार्मा, टेक्सटाइल आदि के क्लस्टर्स विकसित होंगे। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी तैयार होंगे।

साथियों,

हमारे यह युवा मुद्रा योजना और ओडीओपी जैसी योजनाओं, उसकी ताकत से खुद भी नए-नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। यहाँ छोटे उद्योग, एमएसएमई को बढ़ावा मिल रहा है। बेहतर कनेक्टिविटी की सुविधा से उनके लिए भी नए रास्ते खुलेंगे। मेरठ की स्पोर्ट्स इंडस्ट्री, संभल का हेंडक्राफ्ट, बुलंदशहर के सिरेमिक, हरदोई का हैंडलूम, उन्नाव का लेदर, प्रतापगढ़ के आंवला प्रॉडक्ट्स, यह सब बड़े स्केल में देश दुनिया के मार्केट में पहुंचेंगे। लाखों परिवारों की इससे आमदनी बढ़ेगी। आप मुझे बताइए, क्या पुरानी सपा सरकार में हरदोई, उन्नाव जैसे जिलों में इंडस्ट्रियल कॉरिडॉर बनाने की कल्पना तक हो सकती थी क्या? हमारे हरदोई से भी एक्सप्रेस- वे गुजरेगा, यह कोई सोच सकता था क्या कभी? यह काम केवल भाजपा सरकार में ही संभव है।

साथियों,

पहले यूपी को पिछड़ा और बीमारू प्रदेश कहा जाता था, वही उत्तर प्रदेश, आज वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने के लिए आगे बढ़ रहा है। यह एक बहुत बड़ा लक्ष्य है लेकिन, इसके पीछे उतनी ही बड़ी तैयारी भी है, क्योंकि यूपी के पास इतनी असीम क्षमता है। देश की इतनी बड़ी युवा आबादी का पोटेंशियल यूपी के पास है, इस ताकत का इस्तेमाल हम यूपी को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए कर रहे हैं। यूपी में नए उद्योग और कारखाने लगेंगे, यहाँ जब बड़ी मात्रा में निवेश आएगा, तभी यहाँ आर्थिक प्रगति के दरवाजे खुलेंगे, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

भाइयों-बहनों,

इसी विजन को केंद्र में रखकर बीते वर्षों में लगातार काम हुआ है। आप सब खुद भी महसूस कर रहे हैं, जिस यूपी की पहचान पहले पलायन से होती थी, आज उसे इन्वेस्टर्स समिट और इंडस्ट्रियल कॉरिडॉर के लिए जाना जा रहा है। यूपी की इन्वेस्टर समिट में देश और दुनिया से कंपनियाँ आतीं हैं। यूपी में हजारों करोड़ रुपए का निवेश हो रहा है। आज अगर भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता है तो, उसमें बहुत बड़ा योगदान यूपी का है। आज भारत जितने मोबाइल बना रहा है, उसमें आधे मोबाइल हमारे यूपी में बन रहे हैं। अभी कुछ ही हफ्ते पहले, मैंने नोएडा में सेमीकंडक्टर प्लांट का शिलान्यास भी किया है।

साथियों,

आप सब जानते हैं, एआई के इस दौर में, सेमीकंडक्टर कितनी बड़ी फील्ड बनती जा रही है। यूपी उसमें भी लीड लेने के लिए आगे बढ़ रहा है। भविष्य में असीम अवसरों वाला बहुत बड़ा क्षेत्र यूपी के लोगों के लिए खुल रहा है। साथियों,

उत्तर प्रदेश का औद्योगिक विकास आज भारत की सामरिक ताकत भी बन रहा है। आज देश के दो डिफेंस कॉरिडॉर्स में से एक यूपी में है। बड़ी-बड़ी डिफेंस कंपनियाँ यहाँ अपनी फैक्ट्री लगा रहीं हैं। ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें, जिनका लोहा दुनिया मानती है, आज वो यूपी में बन रहीं हैं। रक्षा उपकरणों के निर्माण में जो छोटे-छोटे पार्ट्स चाहिए होते हैं, उनकी सप्लाइ के लिए एमएसएमई को काम मिलता है। इसका बहुत बड़ा लाभ उत्तर प्रदेश के एमएसएमई सेक्टर को हो रहा है। छोटे-छोटे जिलों में भी अब युवा बड़े-बड़े उद्योगों से जुड़ने का सपना देख सकते हैं।

साथियों,

आज उत्तर प्रदेश इतनी तेज गति से विकास कर रहा है, क्योंकि यूपी ने पुरानी सियासत को भी बदला है और नई पहचान भी बनाई है। आप याद करिए, एक समय यूपी की पहचान गड्ढों से होती थी। आज वही यूपी, देश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेस- वे वाला प्रदेश बन चुका है। पहले यहाँ पड़ोस के जिले तक जाना भी बड़ा मुश्किल था लेकिन, आज उत्तर प्रदेश में 21 एयरपोर्ट हैं, 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। अब तो नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन भी हो चुका है। गंगा एक्सप्रेस- वे से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कुछ ही घंटों की दूरी पर है।

भाइयों-बहनों,

हमारा उत्तर प्रदेश भगवान राम और भगवान कृष्ण की धरती है लेकिन, पिछली सरकारों ने अपनी करतूतों के कारण अपराध और जंगलराज को यूपी की पहचान बना दिया था। यूपी के माफियाओं पर फिल्में बनतीं थीं। लेकिन, अब यूपी की कानून व्यवस्था का देश भर में उदाहरण दिया जाता है।

भाइयों बहनों,

संसाधनों का बंदरबाँट करने वाले जिन सपाइयों के हाथ से सत्ता गई है, उन्हें यूपी की ये प्रगति पसंद नहीं आ रही है। वो एक बार फिर यूपी को पुराने दौर में धकेलना चाहते हैं। वो एक बार फिर, समाज को बांटना और तोड़ना चाहते हैं।

साथियों, समाजवादी पार्टी विकास विरोधी भी है और नारी विरोधी भी है। अभी बीते दिनों देश ने एक बार फिर सपा और काँग्रेस जैसी पार्टियों का असली चेहरा देखा है। केंद्र की एनडीए सरकार संसद में नारीशक्ति वंदन संशोधन लेकर आई थी। अगर यह संशोधन पास हो जाता तो, साल 2029 के चुनाव से ही महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में आरक्षण मिलता! बड़ी संख्या में हमारी मातायें-बहनें सांसद विधायक बनकर दिल्ली-लखनऊ पहुँचती। वो भी, किसी और वर्ग की सीटें कम हुये बिना! लेकिन, सपा ने इस संशोधन बिल के खिलाफ वोट किया। साथियों, इस बिल से सभी राज्यों की सीटें भी बढ़तीं। हमने संसद में साफ-साफ कहा था, सभी राज्यों की सीटें एक ही अनुपात में बढ़ेंगी लेकिन, यूपी को गाली देकर पॉलिटिक्स करने वाली डीएमके जैसी पार्टियां, उन्हें इस बात पर आपत्ति थी कि यूपी की सीटें क्यों बढ़ेंगी? आप देखिए, समाजवादी पार्टी संसद में उन्हीं के सुर में सुर मिला रही थी।

# उबलती धरती, डगमगाती थाली

**जलवायु परिवर्तन के इस निर्णायक दौर में चरम गर्मी अब केवल मौसमी विचलन नहीं रह गई है; यह एक गहरे संरचनात्मक संकट के रूप में उभर रही है, जो वैश्विक खाद्य प्रणालियों की बुनियाद को हिला रही है। बढ़ते तापमान और तीव्र होती हीटवेव्स ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को एक ऐसे दबाव में ला खड़ा किया है, जहां हर कड़ी कमजोर पड़ती दिख रही है। वैज्ञानिक और नीति-निर्माता अब इसे एक 'रिस्क मल्टीप्लायर' के रूप में पहचान रहे हैं- ऐसा कारक जो न केवल स्वयं नुकसान पहुंचाता है बल्कि अन्य जोखिमों को भी कई गुना बढ़ा देता है। यदि अब निर्णायक कदम नहीं उठाए गए तो चरम गर्मी आने वाले दशकों में वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा व्यवस्थित खतरा बन जाएगी।**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

चरम तापमान का सबसे प्रत्यक्ष और स्पष्ट प्रभाव फसलों पर पड़ता है। यह स्थापित तथ्य है कि 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर का तापमान गेहूं, चावल और मक्का जैसी प्रमुख फसलों के लिए प्रतिकूल होता है। अधिक तापमान पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को बाधित करता है, परागण को प्रभावित करता है और दानों के विकास को अधूरा छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उत्पादन में गिरावट आती है, जो कई मामलों में 10 से 50 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। यह केवल मात्रा की समस्या नहीं है- गर्मी के कारण अनाज का पोषण स्तर भी घटता है, जिससे खाद्य गुणवत्ता प्रभावित होती है। इस प्रकार, यह संकट उत्पादन और पोषण दोनों को एक साथ चोट पहुंचाता है।

पशुपालन क्षेत्र भी इस तापीय दबाव से अछूता नहीं है। उच्च तापमान के कारण पशुओं में हीट स्ट्रेस बढ़ता है, जिससे उनकी उत्पादकता पर सीधा असर पड़ता है। डेयरी पशुओं में दूध उत्पादन में कमी, मुर्गियों में अंडा उत्पादन का घट जाना और सूअरों में वृद्धि दर का धीमा होना इसके प्रमुख उदाहरण हैं। चरम परिस्थितियों में पशुओं की मृत्यु तक हो सकती है, जिससे किसानों की आय पर गंभीर चोट पड़ती है। मत्स्य पालन में स्थिति और भी जटिल हो जाती है– समुद्री तापीय लहरों के कारण जल में घुलित ऑक्सीजन की मात्रा घटती है, जिससे मछलियां तनावग्रस्त हो जाती हैं और उनका जीवित रहना कठिन हो जाता है। इस तरह, अत्यधिक गर्मी खाद्य उत्पादन के सभी प्रमुख स्रोतों को एक साथ प्रभावित कर रही है।

असली चुनौती तब सामने आती है जब ये प्रभाव एक-दूसरे को बढ़ाने लगते हैं। चरम गर्मी सूखे को जन्म देती है, जिससे जल संसाधनों पर अभूतपूर्व दबाव पड़ता है। सिंचाई के लिए पानी की कमी फसलों की उत्पादकता को और घटा देती है, जबकि पशुओं और मनुष्यों के लिए जल संकट गंभीर रूप ले लेता है। इसके अलावा, उच्च तापमान कीटों और रोगों के प्रसार के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा करता है। टिड्डी दल जैसी घटनाएं अधिक बार और अधिक तीव्रता से देखने को मिल रही हैं, जो कुछ ही दिनों में विशाल फसल क्षेत्र को नष्ट कर सकती हैं। इस प्रकार, तापमान वृद्धि केवल एक अलग-थलग समस्या नहीं बल्कि एक ऐसे चक्र का हिस्सा है जो लगातार खुद को मजबूत करता जाता है।

वन क्षेत्रों में भी इसका गहरा प्रभाव दिखाई देता है। बढ़ती गर्मी और सूखे के कारण जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे जैव विविधता को नुकसान पहुंचता है और कार्बन चक्र बाधित होता है। यह एक खतरनाक दुष्चक्र को जन्म देता है–जंगलों की आग से कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है, जो आगे तापमान वृद्धि को और तेज करता है, और यह वृद्धि फिर नई आग की घटनाओं को जन्म देती है। इस चक्र का प्रभाव अंततः कृषि और खाद्य प्रणालियों पर ही पड़ता है।

चरम गर्मी का एक महत्वपूर्ण लेकिन अक्सर अनदेखा पहलू श्रम उत्पादकता पर इसका प्रभाव है। कृषि क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक, विशेषकर विकासशील देशों में, अत्यधिक तापमान के कारण काम करने में असमर्थ हो जाते हैं। जब 'गीला बल्ब तापमान' एक निश्चित सीमा से ऊपर पहुंच जाता है, तो मानव शरीर के लिए लंबे समय तक काम करना जानलेवा हो सकता है। यह स्थिति एक प्रकार का 'हीट-इकोनॉमी ट्रैप' पैदा करती है, जहां गर्मी सीधे श्रम, उत्पादन और आय–तीनों को सीमित कर देती है। अनुमान है कि दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्रों में साल के सैकड़ों दिन ऐसे हो सकते हैं, जब श्रमिकों के लिए काम करना संभव नहीं रहेगा। इसका सीधा असर किसानों और मजदूरों की आय पर पड़ता है, जिससे आर्थिक असुरक्षा बढ़ती है।

इन सभी प्रभावों का सम्मिलित परिणाम एक 'कैस्केडिंग फेल्योर' के रूप में सामने आता है। जब फसलें असफल होती हैं, पशुधन प्रभावित होता है और श्रमिक काम नहीं कर पाते, तो खाद्य आपूर्ति श्रृंखला टूटने लगती है। इसका सीधा असर बाजार पर पड़ता है- खाद्य कीमतें बढ़ती हैं, जिससे गरीब और कमजोर वर्गों के लिए भोजन तक पहुंच और कठिन हो जाती है। यह स्थिति कुपोषण, गरीबी और सामाजिक अस्थिरता को जन्म देती है। कई क्षेत्रों में यह प्रवासन को भी बढ़ावा देती है, जहां लोग जीविका की तलाश में अपने घर छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। इस प्रकार, चरम गर्मी एक पर्यावरणीय समस्या से कहीं अधिक- एक व्यापक सामाजिक-आर्थिक संकट बन जाती है।

भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए यह चुनौती और भी गंभीर है। हरियाणा, पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में हाल के वर्षों में हीटवेव्स के कारण गेहूं और चावल की पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा गया है। विशेष रूप से देर से बोई गई फसलों पर इसका असर अधिक पड़ता है, जिससे उत्पादन में 10 से 15 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। भारत की हरित क्रांति का केंद्र रहे ये क्षेत्र अब जलवायु अस्थिरता के सबसे बड़े प्रयोगशाला बनते जा रहे हैं। इसके साथ ही, भूजल का अत्यधिक दोहन और बढ़ती गर्मी मिलकर जल संकट को और गहरा कर रहे हैं, जो कृषि की स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है।

इस संकट का प्रभाव समान रूप से वितरित नहीं है। छोटे और सीमांत किसान, महिलाएं और युवा सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उनके पास सीमित संसाधन, कम तकनीकी जानकारी और जोखिम उठाने की कम क्षमता होती है। परिणामस्वरूप, वे जलवायु परिवर्तन के इस बढ़ते दबाव के सामने अधिक असुरक्षित हो जाते हैं। इस प्रकार, अत्यधिक गर्मी केवल पर्यावरणीय चुनौती नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को भी गहरा करने वाला कारक बन रही है।

ऐसे में समाधान की दिशा में ठोस और बहुआयामी रणनीतियों की आवश्यकता है। सबसे पहले, अनुकूलन (ड्डस्त्रड्डश्चह्लड्डह्लद्बशठ्ठ) पर ध्यान देना होगा। जलवायु-स्मार्ट कृषि पद्धतियां–जैसे गर्मी-सहनशील बीजों का उपयोग, फसल विविधीकरण, ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई, तथा छायादार खेती–इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इसके अलावा, मौसम पूर्वानुमान और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को मजबूत करना आवश्यक है, ताकि किसान समय रहते अपने निर्णय बदल सकें और नुकसान को कम कर सकें।

पशुपालन के क्षेत्र में भी सुधार की आवश्यकता है। बेहतर वेंटिलेशन वाले शेड, पर्याप्त जल उपलब्धता और चयनात्मक प्रजनन जैसी तकनीकों के माध्यम से पशुओं को गर्मी के प्रभाव से बचाया जा सकता है। साथ ही, बीमा योजनाओं और वित्तीय सहायता के जरिए किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना भी आवश्यक है, ताकि वे जलवायु जोखिमों का सामना कर सकें। नीतिगत स्तर पर, सरकारों को एक समग्र और दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। जल संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण और सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना प्राथमिकता होनी चाहिए।

# सोनागिर जैन मंदिर चोरी प्रकरण के त्वरित खुलासे पर डीजीपी का सम्मान

## जैन समाज ने दतिया पुलिस की सराहना करते हुए 3 मई के समारोह के लिए दिया निमंत्रण






**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( निप्र )।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा दतिया जिले के सोनागिर स्थित प्रसिद्ध जैन मंदिर में हुई चोरी की घटना के त्वरित खुलासे पर जैन समाज ने पुलिस महानिदेशक क कैलाश मकवाणा का सम्मान किया। पुलिस मुख्यालय भोपाल में आयोजित इस कार्यक्रम में जैन समाज एवं तीर्थ क्षेत्र कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी को स्मृति चिन्ह भेंट कर पुलिस की तत्पर एवं प्रभावी कार्रवाई के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक क कैलाश मकवाणा ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस प्रदेशवासियों की आस्था, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है उन्होंने स्पष्ट किया कि धार्मिक स्थलों से जुड़े अपराधों, संपत्ति संबंधी अपराधों तथा संगठित अपराधों के विरुद्ध कठोर एवं त्वरित कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। डीजीपी ने दतिया पुलिस टीम की विशेष सराहना करते हुए कहा कि उनकी सतर्कता, त्वरित कार्रवाई एवं प्रभावी जांच के कारण ही इस गंभीर प्रकरण का शीघ्र खुलासा संभव हो सका। उन्होंने इसे पुलिस की कार्यकुशलता और जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

उल्लेखनीय है कि दतिया पुलिस ने सोनागिर जैन मंदिर में हुई चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए लगभग 25 लाख रुपये मूल्य की चांदी की मूर्ति, चांदी का सिंहासन, चांदी के यंत्र सहित अन्य सामग्री बरामद की है इस मामले में 20-20 हजार रुपये के इनामी अंतरराज्यीय शातिर मूर्ति चोर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जैन समाज एवं तीर्थ क्षेत्र कमेटी के प्रतिनिधियों ने कहा कि क दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र सोनागिर जी देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है इस घटना के बाद समाज में गहरी चिंता व्याप्त हो गई थी लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से न केवल चोरी गया सामान बरामद हुआ बल्कि समाज में विश्वास भी पुनः स्थापित हुआ है। प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी क कैलाश मकवाणा के नेतृत्व, सतत मॉनिटरिंग और संवेदनशील दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में पुलिस ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रभावी कार्रवाई की है, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना और मजबूत हुई है।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस महानिदेशक को 3 मई को सोनागिर में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया कार्यक्रम में क दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र सोनागिर संरक्षिणी समिति के मंत्री क बालचंद जैन, कोषाध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र जैन, डॉ. मुकेश जैन, मूलचंद जैन, विजय कुमार जैन, जिनेंद्र कुमार जैन, पत्रकार रविंद्र जैन सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे यह सम्मान समारोह पुलिस और समाज के बीच बेहतर समन्वय और विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है।


## नर्मदा घाटों पर भिक्षावृत्ति पर रोक सेठानी, कोरी और पर्यटन घाटों पर भीख मांगना प्रतिबंधित



**मीडिया ऑडीटर, नर्मदापुरम ( निप्र )।** प्राचीन सेठानी घाट कोरी घाट और पर्यटन घाट पर भिक्षावृत्ति पर रोक लगाई गई है नर्मदा के इन घाटों को भिक्षावृत्ति मुक्त करने के आदेश सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह ने दिए है आदेश के चलते घाटों पर भिक्षा मांगने वाले लोगों को रोका जाएगा

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (NHRC) द्वारा जारी निर्देशों में भिक्षावृत्ति में संलग्न निर्धन, अशिक्षित बच्चों, महिलाओं और दिव्यांग व्यक्तियों के संरक्षण और पुनर्वास के लिए विस्तृत परामर्श (Advisory) जारी की गई है आदेशानुसार नगरीय निकायों एवं अन्य शासकीय विभागों के सहयोग से भिक्षावृत्ति में संलग्न व्यक्तियों को भिक्षावृत्ति से उन्मूलन एवं समग्र पुनर्वास, आश्रय स्वास्थ्य एवं शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी। इसी के चलते सिटी मजिस्ट्रेट देवेन्द्र प्रताप सिंह ने सेठानी घाट कोरी घाट एवं पर्यटन घाट में भिक्षावृत्ति पर नियंत्रण रोक लगाने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए भिक्षावृत्ति समेत अन्य गतिविधियों को प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए। सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह ने बताया आज से ही यह आदेश लागू हो चुका है नगर पालिका सामाजिक न्याय विभाग, श्रम विभाग की टीम के साथ मिलकर हम भिक्षा मांगने वालें लोगों को चिन्हित कर रोकेंगे।

## पूरनखेड़ी टोल पर नया नियम लागू होने से जाम



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** पूरनखेड़ी टोल प्लाजा पर शुक्रवार सुबह नए नियम लागू होने से अफरा-तफरी मच गई। फास्टैग अनिवार्य होने के कारण सैकड़ों वाहन जाम में फंस गए जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा टोल प्लाजा पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और सैकड़ों वाहन मौके पर फंसे रहे। बसों, कारों और अन्य वाहनों में सवार यात्रियों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा जिससे उनमें नाराजगी भी देखी गई स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब कुछ वाहन चालकों ने गुस्से में आकर टोल प्लाजा का बूम तोड़ दिया और आगे निकलने का प्रयास किया। इससे मौके पर आक्रोश का माहौल बन गया और कुछ समय के लिए अव्यवस्था फैल गई टोल प्रबंधन के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने टोल नियमों में बदलाव किया है। अब टोल प्लाजा से गुजरने के लिए केवल एक्टिव फास्टैग ही मान्य होगा पहले यदि किसी वाहन का फास्टैग काम नहीं करता था तो वाहन के नंबर के आधार पर शुल्क काट लिया जाता था लेकिन अब यह सुविधा बंद कर दी गई है। नए नियम की अचानक शुरुआत होने से कई वाहन चालकों को इसकी जानकारी नहीं थी जिसके चलते टोल प्लाजा पर अव्यवस्था और जाम की स्थिति बनी टोल प्रबंधन का कहना है कि धीरे-धीरे व्यवस्था सामान्य की जा रही है और वाहन चालकों से एक्टिव फास्टैग के साथ ही यात्रा करने की अपील की जा रही है।

# बिलासपुर में गोमांस तस्करी करते मां-बेटी गिरफ्तार सूटकेस से मांस बरामद



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर ( निप्र )।** बिलासपुर रेलवे स्टेशन के सामने पुलिस ने गुरुवार रात मां-बेटी को गोमांस के साथ पकड़ा है दोनों ट्रॉली बैग में मांस छिपाकर अपने घर ले जा रही थीं बताया जा रहा है कि मां-बेटी रायपुर से ट्रेन में सवार होकर बिलासपुर पहुंची थीं मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है जानकारी के मुताबिक पुलिस ने ट्रॉली बैग से 10 किलो गांजा बरामद किया है वहीं मामले की खबर मिलते ही हिंदू संगठन के सदस्य बड़ी संख्या में थाने पहुंचे उन्होंने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को ज्ञापन सौंपा।

वहीं पुलिस को आशंका है कि इन महिलाओं का इस्तेमाल कूरियर के तौर पर किसी गिरोह ने किया है फिलहाल पुलिस मां-बेटी से पूछताछ कर पुलिस गिरोह की जानकारी जुटा रही है। दरअसल गुरुवार रात तोरवा थाने की पेट्रोलिंग टीम गश्त पर थी तभी सूचना मिली कि दो महिलाएं संदिग्ध हालत में ट्रॉली बैग लेकर रेलवे स्टेशन से बाहर निकल रही हैं और उनके पास गौमांस है सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रजनीश सिंह अपनी टीम के साथ तुरंत स्टेशन के सामने पहुंचे। बताए गए हुलिए के आधार पर पुलिस ने रेहाना परवीन बानो (47) और अलीजा रजा (20) को रोक लिया जब पुलिस ने उनके ट्रॉली बैग की तलाशी ली तो उसके अंदर पॉलिथीन में लिपटा हुआ करीब 10 किलोग्राम गौमांस बरामद हुआ। मौके पर मौजूद गवाहों ने उसकी पहचान गौमांस के रूप में की।

पूछताछ में आरोपी महिलाओं ने मांस रखने की बात स्वीकार की लेकिन इसके संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। पुलिस की पूछताछ में मां-बेटी ने बताया कि दोनों मगरपारा की रहने वाली हैं और वे रायपुर से ट्रेन में बैठकर बिलासपुर आई थीं पुलिस ने जब उनसे गौमांस के बारे में पूछा, तो दोनों गोलमोल जवाब देती रहीं ऐसे में पुलिस को आशंका है कि मां-बेटी का इस्तेमाल कूरियर के तौर पर किसी गिरोह ने किया है।

गोमांस के साथ मां-बेटी की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही हिंदू संगठन के सदस्य बड़ी संख्या में थाने पहुंच गए। उन्होंने गोमांस को लेकर विरोध जताया साथ ही पुलिस से पूरे मामले के पीछे शामिल मास्टरमाइंड और गोमांस के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मारी एक दर्जन से अधिक मजदूर घायल



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी ( निप्र )।** लुकवासा चौकी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 46 पर एक ट्रक ने मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी इस दुर्घटना में ट्रॉली पलट गई और एक दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को कोलारस के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यह घटनादेर शाम अनंतपुर मोड़ के पास हुई। जानकारी के अनुसार रिंकू रघुवंशी के कृषि फार्म पर मजदूरी का काम खत्म कर लगभग 25 मजदूर ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर लुकवासा के सिद्धपुरा स्थित अपने घरों को लौट रहे थे। टक्कर के कारण कई पुरुष, महिलाएं और बच्चे घायल हो गए। घायल मजदूरों में रामप्यारी आदिवासी, शिवानी आदिवासी, लाखन बाई, भागनदे, बबलेश, प्रवीण, रजनी, अरविंद, सोनम, रूपा, चंचल, बती, सोनम, पूजा, राधा और एक अन्य रामप्यारी शामिल हैं सभी घायलों को तत्काल कोलारस के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया गंभीर रूप से घायल 5 से 6 मजदूरों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## मोबाइल पर बात करने के दौरान गिरी आकाशीय बिजली



**मीडिया ऑडीटर, नर्मदापुरम ( निप्र )।** जिले में शाम को अलग अलग दो हादसे में एक पुरुष और एक महिला मजदूर की मौत हो गई। पहली घटना हिरण खेड़ा की हैं जहां शिवनारायन के खले में तीन महिला मजदूर कृषि उपकरण (पंखा मशीन) में गेहूं डाल छान रही थी छानने के दौरान साड़ी महिला के गले में लिपटकर मशीन में जा फंसी जिससे महिला प्रियंका पति सुजीत बारवे (26) मशीन से टकराई और उसके सिर फट गया पंखा मशीन अचानक बंद देख साथ काम करने वाली उसकी मां और काकी सास ने मशीन तरफ देखा। जहां महिला खून से लतपथ हालत में दर्द से तड़प रही थी और उसकी साड़ी का कुछ हिस्सा मशीन में फंसा था। उसे तुरंत परिजन जिला अस्पताल नर्मदापुरम लेकर लाएं। जहां महिला मृत घोषित किया। जिसका शुक्रवार को पोस्टमार्टम हुआ।

**मोबाइल पर बात करते समय गिरी आकाशीय बिजली:** ग्राम पनवास के 37 साल के किसान की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई घटना शाम करीब 6.30 बजे की है। मृतक कृपाराम अहिरवार और अरुण यादव दोनों सिगमी लिए खेत में मूंग फसल में पानी देने गए थे शाम को दोनों लॉट रहे थे अरुण यादव ने बताया कि शाम करीब 6.30 बजे मैं और अरुण खेत से घर की ओर जा रहे थे। कृपाराम मुझसे 20कदम पीछे था। तब तेज हवाओं के साथ अचानक से बिजली चमकी मैंने आँखें बंद की कुछ सेकंड बाद आँखें खोल पीछे पलटकर देखा तो कृपाराम जमीन पर गिर गया था तुरंत उसे पास जाकर देखा उसके कान के पास से हल्का खून बह रहा था सांसे चल रही अन्य लोगों को बुलाकर कृपाराम को नर्मदापुरम के निजी अस्पताल लाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया कृपाराम अहिरवार के शव का भी पोस्टमार्टम हुआ। खेत में बिजली कड़कते समय फोन पर बात करना जानलेवा है। मोबाइल सिग्नल बिजली को आकर्षित करता है।

## नर्मदापुरम में पूर्व पार्षद और आरक्षक में झगड़ा नपती के दौरान रास्ते को लेकर झगड़ा



**मीडिया ऑडीटर,नर्मदापुरम ( निप्र )।** रसूलिया स्थित गोकुल धाम कॉलोनी में भाजपा के पूर्व पार्षद मुन्ना यादव (ग्वाला) और एक पुलिस आरक्षक के बीच झगड़ा हो गया विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच पत्थर मारे गए। विवाद में आरक्षक प्रकाश उर्फ सोनू बरखने, मुन्ना ग्वाला, उसके बेटे समर्थ यादव का सिर फूट गया घटन रात करीब 8 बजे की है। मुन्ना ग्वाला यादव अपनी कॉलोनी गोकुलधाम रसूलिया में प्लॉट की नपती करवा रहे थे इसी दौरान प्रकाश बरखने उर्फ सोनू पहुंचा रोड निकासी की बात पर बहस शुरू हुई घायल मुन्ना ग्वाला ने बताया कि प्रकाश बरखने पिछले 2 साल से फ्री में प्लॉट देने की मांग कर रहा है उसके साथ वीरेंद्र चौहान भी है वह अपने घर के सामने का प्लॉट फ्री में लेना चाहता है। मुन्ना ग्वाला के मुताबिक नपती के दौरान प्रकाश ने बहस की पत्थर से सिर पर मार दिया झगड़े के बाद रात में दोनों पक्ष खून से लथपथ हालत में थाने पहुंचे। देहात थाने के एसआई अरविंद बेले ने बताया कि जमीन को लेकर की विवाद है।

# 24 साल की सेवा के बाद लौटे सैनिक का स्वागत पिपरिया में निकला सम्मान जुलूस



**मीडिया ऑडीटर, पिपरिया ( निप्र )।** भारतीय सेना की राजपूताना राइफल्स में 24 वर्षों तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए पूर्व सैनिक सुरेंद्र राजपूत का उनके गृह नगर पिपरिया में भव्य स्वागत किया गया रेलवे स्टेशन पर संकल्प फाउंडेशन, पूर्व सैनिकों और नगरवासियों ने उनका जोरदार अभिनंदन किया सुरेंद्र राजपूत सुबह इंटरसिटी एक्सप्रेस से पिपरिया रेलवे स्टेशन पहुंचे यहां उनका ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया उन्हें पुष्पमालाएं पहनाई गईं और पुष्पवर्षा कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर सुरेंद्र राजपूत ने कहा कि देश सेवा के लिए यदि भविष्य में कभी बुलावा आता है तो वे हमेशा तैयार रहेंगे।

निवास तक निकला जुलूस पूर्व सैनिक निरंजन वैष्णव ने कहा कि राजपूत के 24 वर्षों के अनुभव से नगर के युवाओं को प्रेरणा और मार्गदर्शन मिलेगा। स्वागत के बाद रेलवे स्टेशन से उनके लोहिया वार्ड स्थित निवास तक एक भव्य जुलूस निकाला गया। इसमें पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। पूरे रास्ते देशभक्ति के नारों से माहौल उत्साहपूर्ण रहा।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने सुरेंद्र राजपूत को सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ व सुखद भविष्य की कामना की।

# संपत्ति संबंधी अपराधों पर मध्यप्रदेश पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## मंडला और इंदौर में सराफा व्यापारियों से हुई चोरी का खुलासा 67 लाख से अधिक का माल जब्त



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( निप्र )।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में मंडला एवं इंदौर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है दोनों जिलों में सराफा व्यापारियों से हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने कुल 67 लाख रुपये से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण, नगदी और वाहनों की बरामदगी की है। मंडला जिले के पिंडरई बाजार में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा किया है। इस मामले में अंतरजिला सक्रिय गैंग के 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें 3 आरोपी और 2 विधि विरुद्ध बालक शामिल हैं आरोपियों के कब्जे से लगभग 52 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार 25 अप्रैल को कन्हरगांव निवासी पवन कुमार सोनी ने चौकी पिंडरई में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि पिंडरई बाजार में सराफा दुकान लगाने के दौरान अज्ञात व्यक्तियों ने उनके बैग से सोने-चांदी के आभूषण, नगदी, गिरवी रजिस्टर और अन्य दस्तावेज चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल विशेष टीम का गठन किया। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया, तकनीकी साक्ष्य जुटाए और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसके बाद आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया उनके पास से चोरी गए आभूषण, नगदी और घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किए गए इसी तरह इंदौर के सराफा क्षेत्र में हुई चांदी चोरी की घटना का भी पुलिस ने शीघ्र खुलासा किया।

## बुद्ध पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने नर्मदा में लगाई डुबकी सुरक्षा में घाटों पर पुलिस राजस्व पंचायत और होमगार्ड जवान तैनात



**मीडिया ऑडीटर, पिपरिया ( निप्र )।** पिपरिया में वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर को साड़िया स्थित नर्मदा नदी में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई प्राचीन सीताराम घाट, बाजार घाट और शिवनी घाट सहित सभी प्रमुख घाटों पर सुबह से ही पवित्र स्नान का सिलसिला जारी रहा इस दौरान नर्मदा पूजन और सत्यनारायण कथा का भी आयोजन किया गया पिपरिया से लगभग 20 किलोमीटर दूर शांडिल्य ऋषि की तपोभूमि कही जाने वाली सांडिया स्थित नर्मदा नदी में पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं का मेला लगा पिपरिया सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग नर्मदा स्नान के लिए सीताराम घाट पहुंचे बुद्ध पूर्णिमा हर साल वैशाख शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को मनाई जाती है जो भगवान बुद्ध के जन्म का प्रतीक है इस दिन स्नान और दान का विशेष महत्व माना जाता है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक दल सक्रिय रहे एसडीएम आकिप खान के नेतृत्व में एसडीओपी मोहित यादव,तहसीलदार वैभव बैरागी, ग्राम पंचायत सांडिया, शिवनी और होमगार्ड के जवान विभिन्न घाटों पर तैनात रहे मुख्य मार्गों और खेतों में वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी की गई थी ताकि श्रद्धालुओं को घाट तक पहुंचने में कोई असुविधा न हो सांडिया पुलिस चौकी प्रभारी किशन ऊईके ने बताया कि सुबह से ही परिवार सहित श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंच रहे हैं उन्होंने जानकारी दी कि वाहनों की पार्किंग सड़क किनारे और खुले स्थानों पर कराई जा रही है घाटों पर लगातार माइक से गहरे पानी में न जाने की उद्घोषणा की जा रही है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए होमगार्ड के जवान और गोताखोर भी तैनात किए गए हैं। दोपहर में भंडारों का भी आयोजन किया जाएगा।

# रतलाम में टंकी में गिरी 2 साल की बच्ची, मौत

## परिजन चार अस्पतालों में भटके, पीएम नहीं करवाया; तीन दिन पहले चाचा की शादी हुई थी

**मीडिया ऑडीटर, रतलाम (निप्र)।** रतलाम के मिड टाउन कॉलोनी में गुरुवार सुबह 2 साल की बच्ची की पानी की टंकी में डूबने से मौत हो गई। काफी देर तक जब मासूम घर में नहीं दिखी तो पूरे घर समेत आसपास तलाश किया। वह नहीं मिली। पानी की टंकी की तरफ नजर गई तो बच्ची पानी की टंकी में बेसुध हालात में मिली। परिजन मासूम को टंकी से निकालकर तुरंत अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

बच्ची का नाम काव्या पिता रोहन सबरवाल था। सुबह 11.30 बजे घर में बच्ची खेलते हुए पानी की टंकी में गिर गई। दो मंजिल मकान होने के कारण परिजनों ने घर के अंदर तलाशा। आसपास जाकर पूछा नहीं मिली। तब मृतका के चाचा जुगल ने घर के पोर्च में बनी टंकी में देखा तो मासूम उसमें मिली।

**तीन प्राइवेट व सरकारी हॉस्पिटल लेकर गए:** बच्ची को बेसुध हालत में परिजन सबसे पहले शहर के रोटरी गार्डन के सामने प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए। वहां से उन्हें जिला अस्पताल ले जाने को कहा। परिजन बच्ची को लेकर सरकारी मदर चाइल्ड केयर यूनिट (एमसीएच) पहुंचे। जहां मौजूद डॉक्टर प्रतीक आर्या ने मृत घोषित कर दिया। लेकिन परिजन नहीं माने। तुरंत वहां से दौड़ते हुए बाइक पर लेकर एक अन्य प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए। वहां से वापस उन्हें सरकारी




हॉस्पिटल ले जाने को कहा। तब फिर से वह सरकारी हॉस्पिटल पहुंचे। लेकिन फिर वह वहां नहीं रुके। इसके बाद शास्त्री नगर स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए। वहां पर भी बच्ची को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे शव लेकर परिजन घर पहुंचे। मासूम एकलौती थी।

**पीएम कराने से मना किया:** सूचना मिलने पर स्टेशन रोड थाने से चीता फोर्स के जवान लोकेंद्रसिंह मृतका के घर पहुंचे। लेकिन परिजनों ने पीएम कराने से मना कर दिया। परिजनों ने लिखकर दिया कि हम पीएम नहीं कराना चाहते। घटना के बाद से बच्ची के माता-पिता समेत अन्य परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल था। बात करने तक की स्थिति में नहीं थे। दोपहर बाद भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम ले जाकर अंतिम संस्कार किया।

**तीन दिन पहले घर में हुई शादी:** मृतका के पिता रोहन समरवाल यश बैंक में अकाउंट का काम करते हैं। रोहन के तीन भाई हैं। बड़ा भाई राहुल समरवाल, दूसरा मृतका के पिता रोहन व तीसरा छोटा भाई जुगल है। जुगल की तीन दिन पहले ही शादी हुई थी। 28 को कॉलोनी में रिसेप्शन हुआ था। घर में शादी की खुशियां थी। लेकिन बच्ची की मौत के बाद खुशियां गम में बदल गई। मदर चाइल्ड केयर यूनिट (एमसीएच) के डॉ. प्रतीक आर्या ने बताया कि परिजन बच्ची को मृत अवस्था में लेकर आए थे। बच्ची को देखा, सीपीआर भी दिया। अटेंडर पैनिक हो रहे थे। यहां से बच्ची को प्राइवेट हॉस्पिटल भी लेकर गए। जहां से डेड घोषित कर वापस यहां लेकर आए। उन्हें समझाया। इसके बाद वह चले गए। स्टेशन रोड थाना प्रभारी जितेंद्रसिंह जादौन ने बताया कि बच्ची खेलते हुए पानी की टंकी में गिरी है। परिजनों ने पीएम कराने से मना किया है। लिखित में दिया है।

## ढाई साल की बच्ची ने निगला 5 का सिक्का छतरपुर में डॉक्टर ने बिना ऑपरेशन निकाला

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर जिले में गुरुवार को एक बार फिर छोटे बच्चों द्वारा सिक्का निगलने का मामला सामने आया है। इस बार मामला महात्मा थाना क्षेत्र के चौक गांव का है, जहां ढाई साल की बच्ची काव्या ने खेल-खेल में 5 का सिक्का निगल लिया। घटना के बाद बच्ची की हालत अचानक बिगड़



गई उसे न ठीक से बोलते बन रहा था और न ही खाना-पीना निगल पा रही थी।परिजन तुरंत स्थिति की गंभीरता समझते हुए बच्ची को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। बच्ची की मां चंद कुशवाहा ने बताया कि काव्या खेलते समय अचानक रोने लगी। पूछने पर उसने इशारे में बताया कि उसके गले में सिक्का फंस गया है। इसके बाद बिना देर किए वे उसे अस्पताल लेकर आए।

**बिना ऑपरेशन के सिक्का निकाला:** जिला अस्पताल में मौजूद सर्जिकल स्पेशलिस्ट डॉ. मनोज चौधरी ने तुरंत बच्ची की जांच की। स्थिति गंभीर होने के बावजूद उन्होंने बिना समय गंवाए तकनीकी तरीके से बिना ऑपरेशन के सिक्का निकालने की प्रक्रिया शुरू की। कुछ ही समय में डॉक्टर ने सफलतापूर्वक बच्ची के गले से सिक्का बाहर निकाल दिया। डॉ. मनोज चौधरी ने बताया कि बच्ची की हालत बेहद नाजुक थी। यदि थोड़ी भी देरी होती, तो मामला और गंभीर हो सकता था। उन्होंने कहा कि सही तकनीक और अनुभव के जरिए बिना ऑपरेशन के ऐसे मामलों का इलाज संभव है। फिलहाल बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है और उसे डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। गौरतलब है कि डॉ. मनोज चौधरी अब तक 500 से ज्यादा बच्चों के गले से सिक्के या अन्य वस्तुएं बिना ऑपरेशन के सफलतापूर्वक निकाल चुके हैं, वह भी पूरी तरह निःशुल्क। इस घटना के बाद डॉक्टरों ने अभिभावकों से अपील की है कि छोटे बच्चों को सिक्के या छोटी वस्तुओं से दूर रखें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## मंदसौर में बाइक की टक्कर से दंपती घायल

### पति को दो फ्रैक्चर; माकड़ी माता मंदिर के पास हादसा, आरोपी

**मीडिया ऑडीटर, मंदसौर (निप्र)।** मंदसौर जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक सड़क हादसे में दंपती घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, ग्राम देवरी डोरी (तहसील शामगढ़) निवासी 45 वर्षीय गोपाल मेघवाल अपनी 35 वर्षीय पत्नी पवित्रा के साथ बाइक से शामगढ़ से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान माकड़ी



माता मंदिर के पास एक अज्ञात बाइक सवार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनकी पत्नी पवित्रा को भी चोटें आईं। घटना के बाद दोनों घायलों को तत्काल शामगढ़ अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मंदसौर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। डॉक्टरों के अनुसार, गोपाल के पैर, सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं, जिसमें पैर में दो फ्रैक्चर बताए जा रहे हैं। वहीं, पवित्रा के हाथ और चेहरे पर भी चोटें लगी हैं। फिलहाल दोनों का इलाज मंदसौर जिला चिकित्सालय में जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात बाइक चालक की तलाश की जा रही है।

## नर्मदा स्नान के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचे नर्मदापुरम के सेठानी घाट



**मीडिया ऑडीटर,नर्मदापुरम (निप्र)।** वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की बुद्ध पूर्णिमा पर शुक्रवार को हजारों श्रद्धालुओं ने नर्मदा नदी में आस्था की डुबकी लगाई। सुबह 5 बजे से ही प्राचीन सेठानी घाट, विवेकानंद घाट, पर्यटन घाट, कोरी घाट, गोंदरी घाट, बांद्राभान समेत सभी घाटों पर स्नान का सिलसिला शुरू हो गया। स्नान के साथ ही पूजन और सत्यनारायण कथा का आयोजन किया गया। दोपहर में भंडारों के आयोजन होंगे।

**बुद्ध पूर्णिमा का महत्व:** सुबह से ही नर्मदा तटों पर भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी। बुद्ध पूर्णिमा हर साल वैशाख शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को मनाई जाती है। इसी दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। वर्षों की तपस्या के बाद बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ था। इस दिन को वैशाख पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस अवसर पर स्नान, दान और भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के प्रचार का विशेष महत्व होता है।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम:** नर्मदा के घाटों पर सुरक्षा के लिए सुबह से पुलिस, होमगार्ड और राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तैनात हैं। पुलिस और होमगार्ड के जवान लोगों को गहरे पानी में जाने से रोक रहे हैं। सेठानी घाट पर लगातार अनाउंसमेंट कर श्रद्धालुओं से किनारे पर ही स्नान करने की अपील की जा रही है

## मैहर में बेकाबू होकर सड़क पर गिरा बाइक सवार:बड़ा टोला से लौटते समय हादसा; सिर-हाथ में आई गंभीर चोट

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक गंभीर घायल हो गया। खरामसेड़ा निवासी राजू कोल अपनी बाइक से घर लौटते समय बेकाबू होकर सड़क पर गिर गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। **बड़ा टोला से लौटते समय हादसा:** दिनेश लाल कोल के बेटे राजू कोल किसी कार्य से बड़ा टोला गए हुए थे। वापसी के दौरान दोपहर करीब 12:30 बजे अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ने से वह हादसे का शिकार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि युवक को सिर-हाथ समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट आई हैं।: **अस्पताल में युवक की हालत गंभीर:** सिविल अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि युवक की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है और उसका इलाज किया जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण बाइक की तेज रफ्तार या सड़क की खराब स्थिति को माना जा रहा है।

# छतरपुर में आंधी के कारण छत से गिरी बच्ची

## गेहूं समेटते समय चुनरी में हवा भरने से संतुलन बिगड़ा

**मीडिया ऑडीटर,छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर जिले के राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत तालगांव में गुरुवार शाम एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां तेज आंधी-तूफान के दौरान एक 10 वर्षीय बच्ची छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची की पहचान रूबी (पिता ब्रजभारत पटेल) के रूप में हुई है।



जानकारी के अनुसार, घटना गुरुवार शाम करीब 6 से 7 बजे की है। मौसम में अचानक बदलाव होने के बाद तेज हवा और आंधी शुरू हो गई थी। इसी दौरान रूबी अपने घर की छत पर गेहूं समेटने गई थी। बताया जा रहा है कि बच्ची ने चुनरी ओढ़ रखी थी, तभी तेज हवा के चलते चुनरी में हवा भर गई और दबाव बनने से वह असंतुलित हो गई। छत पर मुंडेर नहीं होने के कारण बच्ची सीधे करीब 10 से 12 फीट नीचे गिर गई।

**गिरते ही बेहोश हुई, मुंह और शरीर में गंभीर चोटें:** हादसे के बाद बच्ची मौके पर ही बेहोश हो गई। गिरने से उसके मुंह में गंभीर चोट आई है और दांत भी टूट गए हैं। इसके अलावा शरीर के कई हिस्सों में चोटें बताई जा रही हैं। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई और परिजन तुरंत उसे उठाकर स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां इमरजेंसी में डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया और बाद में ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कर लिया गया। फिलहाल बच्ची का इलाज जारी है और डॉक्टर उसकी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

**छत पर सुरक्षा इंतजाम नहीं:** इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण इलाकों में बिना मुंडेर की छतों की समस्या को उजागर कर दिया है। तेज हवा या बारिश के दौरान ऐसे हादसों की आशंका बढ़ जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि छतों पर सुरक्षा के इंतजाम होना बेहद जरूरी है, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## नर्मदापुरम में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी

### गर्मी से मिली राहत, खरीदी केंद्रों पर किसानों ने अपने गेहूं को तिरपाल से ढंका



**मीडिया ऑडीटर,नर्मदापुरम (निप्र)।** नर्मदापुरम में गुरुवार शाम को अचानक से मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं के साथ काले बादल छा गए। शाम 6.30 बजे से पांच मिनट तक तेज बूंदाबादी भी हुई। जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। मौसम में बदलाव के चलते दिन के तापमान में भी 2 डिग्री की गिरावट हुई।

बारिश के चलते नर्मदापुरम अनाज मंडी में समर्थन मूल्य केंद्रों पर किसानों में अफरा तरफा मची। गेहूं भरकर खड़े ट्रैक्टर ट्रालियों को किसानों ने टीनशेड में खड़े किया गया। ताकि गेहूं गीला न हो जाएं। वहीं जिलेभर में खुले में और वेयरहाउस परिसर में बने केंद्रों पर गेहूं बेचने आएं किसानों की चिंता बढ़ गई है।

**तीन दिन ऐसा ही मौसम रह सकता है:** फसल को भीगने से बचाने के लिए किसान तिरपाल से ढांक रहे। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो, तीन दिन हवा, बिजली, बारिश का मौसम बन रहेगा। गेहूं चना खरीदी केंद्रों के प्रभारियों को केंद्र पर तिरपाल समेत बारिश से फसलों को बचाने के इंतजाम करने के निर्देश दिए गए है।

## महिला कैदी ने साड़ी से फंदा बनाकर की आत्महत्या

### रायसेन जेल में बैरक के वेंटीलेशन से लगाई फांसी, दहेज प्रताड़ना के मामले में थी बंद



**मीडिया ऑडीटर,रायसेन (निप्र)।** रायसेन जिला जेल में गुरुवार शाम एक महिला कैदी ने आत्महत्या कर ली। घटना शाम करीब 6:30 बजे हुई। महिला ने अपनी साड़ी का फंदा बनाकर बैरक की खिड़की के वेंटिलेशन से लटककर जान दे दी। जेल कर्मचारियों ने महिला को फंदे पर लटका देखा तो उसे तत्काल नीचे उतारा और जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

**तीन महीने पहले हुई सजा:** घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल अपनी टीम के साथ जिला अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान 36 वर्षीय देवकी बंजारा के रूप में हुई है। वह अपनी देवरानी की आत्महत्या के मामले में जेल में सजा काट रही थी। महिला को तीन महीने पहले ही आत्महत्या के लिए उकसाने और दहेज प्रताड़ना के मामले में सजा हुई।

# रायसेन में आंधी-तूफान से बिजली गुल, पोल गिरे

## दिन के तापमान में 3 और रात में 8 डिग्री की गिरावट से राहत, किसानों की उपज पर संकट

**मीडिया ऑडीटर, रायसेन (निप्र)।** रायसेन में गुरुवार रात 11 बजे तेज आंधी तूफान से बिजली गुल हो गई और ग्रामीण इलाकों में बिजली के खंभे तथा पेड़ गिर गए। इससे दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली, लेकिन किसानों की चिंताएं बढ़ गई। गुरुवार दोपहर के बाद आसमान में बादल छा गए और बूंदाबांदी शुरू हो गई थी जो देर रात तक जारी रही। रात को 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज आंधी ने शहर को ब्लैकआउट कर दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में कई बिजली के पोल धराशाई हो गए और पेड़ों की टहनियां टूट गई। लगभग 15 मिनट तक चली इस आंधी से कई घरों के छप्पर भी उड़ गए,



जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

इस बदले मौसम के कारण तापमान में गिरावट आई। दिन का तापमान 43 डिग्री से घटकर 40 डिग्री पर आ गया है। और रात के तापमान 29 डिग्री से घटकर 21 डिग्री पर दर्ज किया गया। भीषण गर्मी के बीच इस बदलाव से लोगों को काफी राहत मिली। हालांकि, मौसम के इस बदलाव ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कृषि उपज मंडी और सरकारी गेहूं खरीदी केंद्रों पर रखा हजारों क्विंटल अनाज बारिश के पानी से खराब होने के खतरे में आ गया। किसान अपनी उपज को बचाने के लिए मशक्कत करते दिखे। कृषि उपज मंडी में व्यापारियों ने भी खुले में रखे अपने अनाज को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। आंधी के कारण उदयपुरा ब्लॉक में एक स्कूल परिसर में कई साल पुराना एक पेड़ गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त पेड़ के आसपास कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी का अलर्ट जारी किया है।

## सागर के कई गांवों में बारिश, शहर में छाए बादल: दिन का तापमान 40 डिग्री, गर्मी से मामूली राहत

**मीडिया ऑडीटर, सागर (निप्र)।** सागर में भीषण गर्मी के बीच मौसम ने करवट बदली है। सुबह से तल्ख धूप खिली। दोपहर के समय झुलसाने वाली धूप से लोग परेशान रहे। लेकिन शाम को अचानक मौसम बदला और आसमान में बादल छा गए। बादल छाने और हवाएं चलने से लोगों को सूरज की तपिश और गर्म हवाओं के थपेड़ों से थोड़ी राहत मिली है। सागर में आज अधिकतम तापमान 40-41 डिग्री के आसपास रहा। वहीं बुधवार रात का तापमान



25-26 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। गुरुवार शाम को सागर के आसमान में बादल छाए हैं। जिससे लोगों को तल्ख धूप और गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। इसी दौरान बहेरिया और बंडा क्षेत्र में हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई।

**अगले कुछ दिन ऐसा ही रहेगा मौसम:** मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय है। एक ट्रफ लाइन गुजर रही है। इसी वजह से अगले कुछ दिनों तक आंधी-बारिश का दौर जारी रह सकता है। मौसम जानकारों की मानें तो 2 मई से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है।

# रेलवे ने चलाई समर वेकेशन स्पेशल वन-वे ट्रेन

## मदार-मडगांव और वटवा-हावड़ा के बीच चलेगी; रतलाम, उज्जैन में रहेगा स्टॉपेज

**मीडिया ऑडीटर,रतलाम (निप्र)।** यात्रियों की सुविधा एवं ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान बढ़ती भीड़ को ध्यान में रख रेलवे मदार-मडगांव एवं वटवा-हावड़ा के बीच एक-एक फेरा वन वे स्पेशल ट्रेन चलाने जा रहा है। इन ट्रेनों का रतलाम रेल मंडल के रतलाम समेत अन्य स्टेशनों पर स्टॉपेज दिया है।

**मदार-मडगांव स्पेशल:** गाड़ी संख्या 09607 मदार-मडगांव स्पेशल 3 मई 2026 रविवार को 19.55 बजे मदार से चलेगी। मंगलवार को 04.40 बजे मडगांव पहुंचेगी। इस ट्रेन का रतलाम मंडल के चित्तौड़गढ़



(23.25/23.30) रविवार, नीमच (00.30/00.32) सोमवार, मंदसौर (01.10/01.12) सोमवार, एवं रतलाम (03.50/04.00) सोमवार को आगमन एवं प्रस्थान होगा। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर (इकोनॉमी), स्लीपर क्लास तथा जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

**यहां रहेगा स्टॉपेज:** यह ट्रेन रास्ते में अजमेर, बिजयनगर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, नीमच, मंदसौर, रतलाम जंक्शन, वडोदरा, भरूच, सूरत, वापी, वसई रोड, पनवेल, रोहा, माणगांव, खेड़, चिपलून, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, कणकवली, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड, थिविम, एवं करमाली रेलवे स्टेशनों पर रुकेगी।

**वटवा-हावड़ा स्पेशल:** गाड़ी संख्या 09481 वटवा-हावड़ा स्पेशल 1 मई शुक्रवार को 16.45 बजे वटवा से चलेगी। रविवार को 10 बजे हावड़ा पहुंचेगी। इस ट्रेन का रतलाम मंडल के रतलाम (22.35/22.45) एवं उज्जैन (00.35/00.45)शनिवार को आगमन एवं प्रस्थान होगा। इस ट्रेन में स्लीपर एवं जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

**यहां रहेगा स्टॉपेज:** यह ट्रेन रास्ते में छायापुरी, गोधरा, रतलाम जंक्शन, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर (भोपाल), बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, गया जंक्शन, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल दुर्गापुर रेलवे स्टेशनों पर रुकेगी।

## माहौल बिगाड़ने की फिराक में घूम रहे तीन बदमाश गिरफ्तार

### सागर में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कोर्ट में किया पेश, जेल भेजा गया




**मीडिया ऑडीटर, सागर (निप्र)।** सागर की मोतीनगर थाना पुलिस ने शहर का माहौल खराब करने की फिराक में घूम रहे तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। तीनों को पकड़कर थाने लाया गया। जहां पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र में पुलिस टीमों ने असमाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की। बिना किसी कारण के शहर का माहौल खराब करने और अपराध को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे तीन बदमाशों को अलग-अलग स्थानों से पकड़ा गया। गुरुवार को बदमाश पुलिस गश्त के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए मिले। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया है। कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी लकी पिता बालकिशन कोरी उम्र 23 वर्ष निवासी रंगमहल के पास इतवारी टोरी, निखिल पिता मनोज बंसल उम्र 21 वर्ष निवासी ग्यादीन तिगड्डा और सोनू पिता राजकुमार रजक उम्र 23 वर्ष निवासी संत कबीर राम वार्ड को गिरफ्तार किया गया है। मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत ने बताया कि शहर में माहौल खराब करने और उत्पात मचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। जिसके तहत संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए तीन युवकों को पकड़ा है। उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पूछताछ के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। जहां से कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया है।

# यूईएफए यूरोपा लीग- क्रिस वुड के गोल से नॉटिंघम फॉरेस्ट ने एस्टन विला पर बढ़त बनाई

**नॉटिंघम ,एजेंसी।** क्रिस वुड के करियर के 200वें गोल से नॉटिंघम फॉरेस्ट ने यूईएफए यूरोपा लीग के सेमीफाइनल के दूसरे लेग में एस्टन विला के खिलाफ 1-0 से जीत हासिल की। इस जीत ने फॉरेस्ट को फाइनल की दौड़ में मजबूत स्थिति में ला खड़ा किया है। मैच की शुरुआत में दोनों टीमें बेहद रक्षात्मक नजर आईं, लेकिन फॉरेस्ट ने धीरे-धीरे खेल पर पकड़ बनानी शुरू कर दी। मॉर्गन गिब्स-व्हाइट ने दो अच्छे मौके बनाए, हालांकि वह उन्हें गोल में नहीं बदल सके। इलियट एंडरसन ने भी एक कोशिश की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। दूसरी ओर, एस्टन विला ने भी जवाबी हमला किया। मॉर्गन रोजर्स के शानदार कर्लिंग शॉट को स्टीफन ऑर्टेगा ने बेहतरीन तरीके से रोक लिया। फॉरेस्ट का दबाव लगातार बना रहा। एमिलियानो मार्टिनेज को इगोर जीसस के प्रयास को गोल लाइन पर रोकने के लिए तेज प्रतिकिया दिखानी पड़ी। दूसरे हाफ में भी मुकाबला कड़ा रहा, जहां ओली वॉटकिंस को पॉइंट-ब्लैंक रेंज से गोल करने से ऑर्टेगा ने शानदार बचाव कर रोका।

मैच के अंतिम पलों में निर्णायक मोड़ आया। ओमारी हचिंसन ने गेंद को खेल में बनाए रखा, जिसके बाद लुकास डिग्ने के हैंडबॉल के चलते पेनल्टी मिल गई। इस मौके पर क्रिस वुड ने कोई गलती नहीं की और दमदार शॉट के साथ गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी।



मैच के बाद वुड ने कहा कि यह दो लेग की टाई का केवल पहला हिस्सा है और असली चुनौती अभी बाकी है। उन्होंने माना कि बर्मिंघम में अगला मुकाबला कठिन होगा, क्योंकि एस्टन विला अपने घरेलू मैदान पर मजबूत टीम है।

फॉरेस्ट के मुख्य कोच विटोर परेरा ने टीम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि टीम ने मुश्किल हालात में भी शानदार प्रदर्शन किया है और खिलाड़ियों का जज्बा काबिल-ए-तारीफ है।



## टेनिस- जापान के केई निशिकोरी ने किया संन्यास का ऐलान, बताया कब खेलेंगे आखिरी मैच?

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** जापान के स्टार टेनिस खिलाड़ी केई निशिकोरी ने सीजन 2026 के आखिर में संन्यास लेने का ऐलान किया है। निशिकोरी जापानी टेनिस इतिहास में सबसे ऊंचे रैंक वाले खिलाड़ी रहे हैं। वह दुनिया के टॉप 10 टेनिस खिलाड़ियों में जगह बनाने वाले भी पहले जापानी खिलाड़ी रहे। निशिकोरी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, मैं एक घोषणा कर रहा हूं। मैंने इस सीजन के आखिर में पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने लिखा, बचपन से मुझे टेनिस का शौक रहा है और मैंने अपने दिल में सिर्फ एक सपना लेकर इसे जारी रखा है कि मैं वर्ल्ड स्टेज पर मुकाबला करना चाहता हूं। एटीपी टूर तक पहुंचना, कॉम्पिटिशन के सबसे ऊंचे लेवल पर खेलना और टॉप 10 में अपनी मौजूदगी बनाए रखना, ऐसी चीजें हैं जिन पर मुझे बहुत गर्व है। चाहे जीत हो या हार, भरे हुए एरीना में मुझे जो खास माहौल महसूस हुआ, उसकी जगह कोई नहीं ले सकता।निशिकोरी ने लिखा, टेनिस के लिए मेरा प्यार और मेरा यह विश्वास कि मैं एक मजबूत खिलाड़ी बन सकता हूं, मुझे हमेशा कोर्ट पर वापस लाता था। मुझे लगता है कि इन सभी अनुभवों ने मेरी जिंदगी को बेहतर बनाया है और उसे आकार दिया है। मैं अपने परिवार और उन सभी का बहुत आभारी हूं जिन्होंने हर समय मेरा साथ दिया। सच कहूं तो, मैं अब भी चाहता हूं कि मैं अपना खेल करियर जारी रख सकूं। फिर भी, अब तक की हर चीज को पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैंने अपना सब कुछ दिया। मैं सच में इस रास्ते पर चलकर खुश हूं। मैं बाकी मैचों के हर पल को संजो कर रखूंगा और आखिर तक लड़ूंगा। 36 साल के इस खिलाड़ी के नाम 12 एटीपी टूर खिताब हैं, जिसमें 2012 और 2014 में टोक्यो में घरेलू मैदान पर जीते गए दो खिताब शामिल हैं। 451 टूर-लेवल मैचों के विजेता ने चार बार (2014-16, 2018) निट्टो एटीपी फाइनल्स में भी हिस्सा लिया है, और दो बार (2014 और 2016) सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।

## ऋतु फोगाट- कुश्ती रिंग में ताकत दिखाने के बाद एमएमए में पंच की गूंज



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय महिला कुश्ती को लोकप्रिय बनाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता की ऊंचाई पर ले जाने में फोगट बहनों का अहम योगदान रहा है। इसमें एक प्रमुख नाम ऋतु फोगाट का रहा है, जिन्होंने मात्र 8 साल की उम्र में ही कुश्ती के अखाड़े में अपना कदम रख दिया था। ऋतु फोगाट का जन्म 2 मई 1994 को बलाली, हरियाणा में पूर्व पहलवान और मौजूदा दौर के दिग्गज कोच महावीर सिंह फोगाट के यहां हुआ था। ऋतु की मां का नाम दया कौर है। ऋतु का पूरा परिवार ही कुश्ती को समर्पित है। उनकी तीन बहनें, गीता फोगाट, बबिता फोगाट, और संगीता फोगाट, भी अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहलवान रही हैं। ऋतु को कुश्ती में इतनी दिलचस्पी थी कि उन्होंने 10वीं के बाद पढ़ाई छोड़कर अपना पूरा समय कुश्ती को समर्पित करने का फैसला लिया था। अपने पिता और बहनों से कुश्ती के गुर सीखने वाली ऋतु ने 2016 में सिंगापुर में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स में 48 किलोग्राम भार वर्ग में देश के लिए गोल्ड मेडल जीता था। अक्तूबर 2016 में ही ऋतु ने दूसरी बार नेशनल चैंपियनशिप जीती थी।

ऋतु 2016 में प्रो रेसलिंग लीग की नीलामी में सबसे महंगी पहलवानी रही थीं। उनके साथ जयपुर निंजा फ्रेंचाइजी ने 36 लाख रुपये का करार किया था। उन्होंने 2017 में पोलैंड में आयोजित वर्ल्ड अंड-19 सीनियर चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता।



## इंग्लैंड लायंस के खिलाफ साउथ अफ्रीका ए टीम घोषित

### पैटरसन और बार्टमैन मुख्य खिलाड़ी

**जोहान्सबर्ग ,एजेंसी।** अनुभवी खिलाड़ी डेन पैटरसन और ओटनील बार्टमैन को तेज गेंदबाज नकोबानी मोकोएना के साथ साउथ अफ्रीका ए टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड के दौरे पर यह टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ लाल और सफेद गेंदों की एक सीरीज खेलेगी। 22 मई से दो चार-दिवसीय मुकाबलों के साथ इस दौरे की शुरुआत होगी, जिसमें टीम की कप्तानी बल्लेबाज मार्केस एकरमैन करेंगे। कोचिंग समूह का नेतृत्व वांडिले ग्वावु करेंगे। जस्टिन ओंटोंग और रोरी क्लेनवेल्ट कमशः बल्लेबाजी और गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे। चार दिवसीय मैच अरुंडेल और बेकेनहैम में खेले जाएंगे। सफेद गेंद के मुकाबले लीसेस्टर और वॉर्सेस्टर में आयोजित होंगे। 33 वर्षीय बार्टमैन टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में चुने जाने से चूकने के बाद अब फिर से टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हो गए हैं। वह लाल गेंद (टेस्ट) फॉर्मेट में अपनी दावेदारी मजबूत करने की कोशिश करेंगे। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके युवा तेज गेंदबाज मोकोएना टीम में अपनी जगह पक्की करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। पैटरसन का टीम में शामिल होना टेस्ट में उनकी उल्लेखनीय वापसी का संकेत है। इस तेज गेंदबाज ने आखिरी बार 2024 के बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में हिस्सा लिया था, जिसने साउथ अफ्रीका को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने में मदद की थी। हालांकि, वह टीम के साथ लॉर्ड्स गए थे, लेकिन उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली और इसके बाद वह पाकिस्तान और भारत के दौरों से भी बाहर रहे। तीनों तेज गेंदबाजों के रूप में पैटरसन, बार्टमैन और मोकोएना को चार-दिवसीय मुकाबलों के बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भी टीम में शामिल किया गया है। सीमित ओवरों के इस फॉर्मेट में उनके साथ दो होनहार तेज गेंदबाज क्वेना मफाका और गेराल्ड कोएत्जी भी शामिल होंगे। बल्लेबाजी विभाग में, टोनी डी जोरजी चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। इसी चोट के कारण वह टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं ले पाए थे। वह दोनों टीमों में जेसन स्मिथ के साथ शामिल हैं। बल्लेबाजी के अन्य विकल्पों में हरमन बंधु जॉर्डन हरमन और रूबिन हरमन के साथ-साथ सिनेथेम्बा केशिल और लेसेगो सेनोकवाने शामिल हैं। वनडे टीम में लुआन-ड्रे प्रिटोरियस और कॉनर एस्टरहुइजन भी शामिल हैं, जो दोनों वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं।

## आखिर क्यों रिवर्स स्वीप नहीं खेलते थे चेतेश्वर पुजारा? खुद इस राज से उठाया पर्दा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** पूर्व भारतीय किकेटर चेतेश्वर पुजारा ने बताया है कि रिवर्स स्वीप जैसे आधुनिक आकामक शॉट खेलने की कोशिश करना उनके बैटिंग स्टाइल के लिए सही नहीं होता। टेस्ट किकेट में ऐसा करने से वह अपना विकेट गंवा सकते थे। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने भारत की ओर से 103 टेस्ट मुकाबले खेले, जिसमें 43.60 की औसत के साथ 7,195 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 19 शतक और 35 अर्धशतक निकले। इसके अलावा, पुजारा ने भारत के लिए 5 वनडे मुकाबले भी खेले। पूर्व किकेटर ने यह बात जियो हॉटस्टार पर भारत के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री के साथ एक हल्के-फुल्के अंदाज में की। उनसे शास्त्री ने मजाक में पूछा था कि अगर उन्हें करियर की शुरुआत में रिवर्स स्वीप की प्रैक्टिस करने को कहा जाता, तो उनकी क्या प्रतिकिया होती?

शास्त्री ने कहा, जब मैं कोच था, पुजारा, अगर मैंने आपसे तीन साल पहले रिवर्स स्वीप की प्रैक्टिस करने को कहा होता, तो आप बैट लेकर मेरे पीछे दौड़ते। है ना?

इसके जवाब में पुजारा ने कहा, अगर मैंने किसी टेस्ट मैच में ऐसा शॉट खेला होता, तो रन नहीं बना पाता। मेरे तीनों स्टंप उड़ गए होते, क्योंकि मेरे लिए वह शॉट खेलना बहुत मुश्किल था। पूर्व कोच और बल्लेबाज की इस जोड़ी ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत की ऐतिहासिक जीत पर भी बात की, जहां चेतेश्वर पुजारा ने अहम भूमिका निभाई थी। 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पुजारा ने 521 रन बनाए, जिसमें तीन शतक शामिल थे। वह सीरीज के सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जिन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पहली बार ऑस्ट्रेलियाई धरती पर टेस्ट सीरीज जीती।



इसके बाद 2020ङ्क21 सीरीज में भी पुजारा का धैर्य और दबाव झेलने की क्षमता टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण रही। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को थकाकर भारत की एक और ऐतिहासिक जीत में बड़ी भूमिका निभाई।

पुजारा की अहमियत पर शास्त्री ने कहा, यह वर्ल्ड कप जीतने जैसा ही था। किसी भी एशियन टीम ने ऑस्ट्रेलिया को ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में कभी नहीं हराया था। इसलिए, यह सबसे मुश्किल दौरा था। पुजारा हमारे सैनिक थे। उन्होंने दोनों दौरों पर और यहां तक कि इंग्लैंड में भी चोटें खाईं, लेकिन फिर भी डटकर मुकाबला किया। उनकी मौजूदगी बहुत जरूरी थी। उनके बिना हम यह नहीं कर पाते।

## आईपीएल 2026- आरसीबी के खिलाफ जीटी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी, दोनों टीमों में कोई बदलाव नहीं

**अहमदाबाद ,एजेंसी।** गुजरात टाइटंस (जीटी) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 42वां मैच खेला जा रहा है, जिसमें जीटी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। आरसीबी की निगाहें इस मैच को जीतकर प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष में पहुंचे पर होंगी। दोनों ही टीमों ने अपनी प्लेइंग इलेवन में कोई फेरबदल नहीं किया है। आरसीबी इस सीजन 8 में से 6 मुकाबले अपने नाम कर चुकी है। यह टीम फिलहाल प्वाइंट्स टेबल में दूसरे पायदान पर है। वहीं, जीटी 8 में से 4 मैच गंवाकर पांचवें स्थान पर है। अगर टाइटंस इस मुकाबले को अपने नाम करती है, तो भी यह टीम प्वाइंट्स टेबल में पांचवें ही स्थान पर रहेगी, क्योंकि शीर्ष 4 टीमें 6-6 मुकाबले अपने नाम कर चुकी हैं। टॉस जीतने के बाद गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा, ÷हम पहले गेंदबाजी करेंगे। पिच पर शुरुआती 4-5 ओवरों में गेंद स्विंग होती है। अगर ओस पड़ती है, तो हम लक्ष्य का पीछा करना चाहेंगे। ये दो मैच तय करेंगे कि हम टूर्नामेंट में कितनी दूर तक जाएंगे। वे अच्छा किकेट खेल रहे हैं, और वे मौजूदा चैंपियन हैं। टीम का माहौल काफी अच्छा है।



## एक ही ओवर में 5 चौके, इस लिस्ट में संयुक्त रूप से नंबर-1 बने विराट कोहली



**अहमदाबाद ,एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में एक बड़े रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। कोहली आरसीबी की तरफ से एक ओवर में सर्वाधिक चौके लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से नंबर-1 बन गए हैं। विराट कोहली ने गुरुवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ मुकाबले के दूसरे ओवर में पांच चौके लगाए। उन्होंने कगिसो रबाडा के खिलाफ ओवर की शुरुआती 5 गेंदों पर ऐसा किया, जिसके साथ कोहली ने क्रिस गेल और शेन वॉटसन की बराबरी कर ली। क्रिस गेल ने साल 2013 में पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ ईश्वर पांडे के एक ही ओवर में 5 चौके लगाए थे, जबकि शेन वॉटसन ने साल 2016 में राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के विरुद्ध थिसारा परेरा के खिलाफ ऐसा किया था। इस सीजन शानदार फॉर्म में नजर आ रहे कोहली ने गुरुवार को जीटी के खिलाफ 13 गेंदों का सामना करते हुए 28 रन बनाए।



## आईपीएल 2026- सीजन की 7वीं जीत पर रॉयल्स की निगाहें, कैपिटल्स के लिए करो या मरो जैसा मुकाबला

**जयपुर ,एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच शुकवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 43वां मैच सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला जाना है। डीसी की निगाहें इस मुकाबले को जीतकर प्वाइंट्स टेबल में अपनी स्थिति को बेहतर करने पर होंगी। डीसी के लिए यह मुकाबला बेहद अहम है। अगर जयपुर में हार मिली तो प्लेऑफ की उम्मीदों को बड़ा झटका लगेगा, यानी उनके लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा है। दिल्ली कैपिटल्स इस समय दबाव में है। यह टीम 8 में से 5 मुकाबले गंवाकर प्वाइंट्स टेबल में फिलहाल 7वें पायदान पर है। इस टीम ने शुरुआती 2 मुकाबले जीतने के बाद अगले 6 में से 5 मैच गंवा दिए हैं। अक्षर पटेल की कप्तानी वाली इस टीम का सबसे हालिया मुकाबला बेहद निराशाजनक रहा था। डीसी को अरुण जेटली स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों बड़ी हार का सामना करना पड़ा। यह टीम महज 8 रन पर 6 विकेट गंवाने के बाद 75 रन पर सिमट गई थी। आसान लक्ष्य को विपक्ष टीम ने 6.3 ओवरों में हासिल कर लिया। इस मैच ने दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों ही विभागों की कमजोरियों को उजागर कर दिया था।

दूसरी तरफ, आरआर अपने घरेलू मैदान पर जीत हासिल करते हुए टॉप-4 में अपनी जगह और मजबूत करना चाहेगी। राजस्थान रॉयल्स की टीम 9 में से 6 मैच जीतकर चौथे स्थान पर मौजूद है। इस टीम ने शुरुआती 4 मुकाबलों में जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी। इसके बाद उसे अगले 5 में से 3 मैच गंवाने पड़े। रियान पराग की कप्तानी वाली यह टीम एक मनोबल बढ़ाने वाली जीत के बाद इस मुकाबले में उतर रही है, उन्होंने 223 रनों के विशाल लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए पंजाब किंग्स को इस सीजन की पहली हार का स्वाद चखाया था। भले ही राजस्थान रॉयल्स को सही समय पर लय मिल गई, लेकिन कप्तान पराग की फॉर्म को लेकर चिंताएं अभी भी बनी हुई हैं, क्योंकि बल्ले से उनका प्रदर्शन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। फिर भी, पिछले मैच में उनका छोटा लेकिन असरदार योगदान टीम के लिए एक सही समय पर मिला प्रोत्साहन साबित हो सकता है, क्योंकि टीम अब टूर्नामेंट के निर्णायक दौर में प्रवेश कर रही है। उस मैच में मध्यकम के बल्लेबाजों का फिर से फॉर्म में आना भी मेजबान टीम के लिए एक उत्साहवर्धक संकेत है।

### राजस्थान रॉयल्स की टीम-

शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रियान पराग (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, डोनोवन फरेरा, रवींद्र जड़ेजा, जोफ्रा आर्चर, नंद्रे बर्गर, क्वेना मफाका, संदीप शर्मा, युद्धवीर सिंह चरक, रवि बिश्नोई, सुशांत मिश्रा, रवि सिंह, अमन राव पेराला, एडम मिल्ने, कुलदीप सेन, दासुन शनाका, शुभम दुबे, तुषार देशपांडे, विग्नेश पुथुर, ब्रजेश शर्मा।

### दिल्ली कैपिटल्स की टीम-

अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, अजय मंडल, आशुतोष शर्मा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, साहिल पारख, पृथ्वी शॉ, काइल जैमीसन, टी नटराजन, माधव तिवारी, करुण नायर, दुष्मंथा चमीरा।

# कलेक्टर ने स्वास्थ्य, पोषण और पेयजल व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले में शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने शुक्रवार को मझगवां क्षेत्र के दूर-दराज ग्रामीण अंचलों का सघन भ्रमण किया इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं पोषण व्यवस्थाओं गेहूं उपार्जन केंद्रों और पेयजल आपूर्ति से जुड़ी व्यवस्थाओं का मौके पर जाकर निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम महिपाल गुर्जर, तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे कलेक्टर ने अपने दौरे के दौरान गढ़ी घाट ग्राम पंचायत में व्याप्त पेयजल समस्या को



गंभीरता से लिया। उन्होंने संबंधित विभाग को तत्काल समस्या के निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की जल समस्या का सामना न करना पड़े यह सुनिश्चित किया जाए उन्होंने पेयजल स्रोतों की नियमित निगरानी और वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी समय रहते तैयार रखने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान हिरौदी गांव में कलेक्टर ने अति कम वजन (सैम) से ग्रसित बच्चे की स्थिति की जानकारी ली उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे बच्चों के उपचार पोषण आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण को समाप्त करना



प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी विभागों को समन्वित प्रयास करना होगा इसके अलावा कलेक्टर ने रामनगर खोखला और मलगोसा ग्राम पंचायत क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया और विभिन्न शासकीय योजनाओं की जमीनी स्थिति का आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पारदर्शिता के साथ पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए मझगवां स्थित गेहूं मंडी और सहकारी समिति का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र मझगवां का भी अवलोकन किया। यहां भर्ती कुपोषित बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों के उपचार आहार और देखभाल में कोई कमी न रहे उन्होंने यह भी कहा कि कुपोषण से मुक्ति के लिए निरंतर निगरानी और जनजागरूकता आवश्यक है कलेक्टर के इस निरीक्षण को प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है उन्होंने स्पष्ट किया कि जमीनी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए मल्टी-टियर मॉनिटरिंग टास्क फोर्स का गठन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के परिपालन में प्रदेश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन और माइक्रो-लेवल मॉनिटरिंग के लिए मल्टी-टियर मॉनिटरिंग टास्क फोर्स समितियों का गठन किया है सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन की निगरानी के लिए चार स्तर पर समितियों का गठन किया गया है। संभाग स्तरीय समिति के अध्यक्ष संभागीय आयुक्त होंगे। संभाग के संबंधित जिलों के कलेक्टर जिला पंचायत के सीईओ नगरीय निकायों के आयुक्त/मुख्य नगरपालिका अधिकारी और महापौर/अध्यक्ष सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे। संभागीय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास सदस्य सचिव होंगे जिला स्तरीय समिति कलेक्टर की अध्यक्षता में कार्य करेगी। इसमें नगरीय निकायों के अधिकारी, जनपद पंचायतों के सीईओ, जन प्रतिनिधि जिला शिक्षा अधिकारी और शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सदस्य होंगे जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी सदस्य सचिव होंगे निकाय स्तरीय समिति में महापौर या अध्यक्ष समिति के अध्यक्ष होंगे इस समिति में वार्ड पार्षद धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि और स्थानीय व्यापारी, सब्जी मंडी व रहवासी संघों के नामांकित सदस्य शामिल किए जाएंगे स्वच्छता नोडल अधिकारी सदस्य सचिव होंगे वार्ड स्तरीय समिति वार्ड पार्षद की अध्यक्षता में बनेगी इसमें रहवासी कल्याण संघों के प्रतिनिधि महिला स्व-सहायता समूहों के प्रतिनिधि और स्थानीय शासकीय स्कूलों के प्राचार्य सदस्य होंगे स्वच्छता वार्ड प्रभारी को इसका सदस्य सचिव बनाया गया है। आदेशानुसार समितियों को नियमों के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करने के लिए उपाय करने के अधिकार दिए गए हैं बैठकों का आयोजन के तहत संभाग स्तरीय समिति की प्रत्येक छह माह में कम से कम एक बैठक होगी।

## विनोद गेलानी तीसरी बार बने अध्यक्ष, समाजसेवियों ने जताया हर्ष

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** विंध्य क्षेत्र की अग्रणी समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति की नवगठित कार्यकारिणी में युवा समाजसेवी विनोद गेलानी को लगातार तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर समाजसेवियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं उनके पुनः चयन को उनके कुशल नेतृत्व, सेवा भावना और समाज के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है समाजसेवियों ने कहा कि विनोद गेलानी ने अपने पूर्व कार्यकाल में समाजहित के कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इनमें रक्तदान शिविरों का आयोजन, मुक्तिधाम निर्माण में सहयोग, पर्यावरण संरक्षण अभियान, नि:शुल्क मेडिकल शिविर एवं अन्य जनसेवा कार्यक्रम प्रमुख हैं। उनकी सक्रिय कार्यशैली और समर्पण ने समाज के हर वर्ग का विश्वास जीता है समिति के सदस्यों ने भी उनके नेतृत्व



की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में संस्था ने नई ऊंचाइयों को छुआ है उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी संस्था इसी तरह प्रेरणादायक कार्य करते हुए समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी पुनः अध्यक्ष बनने पर विनोद गेलानी ने सभी सदस्यों एवं समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा यह जिम्मेदारी मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ सेवा का अवसर है। मैं आगे भी समाज के विकास और जनहित के कार्यों में पूरी निष्ठा के साथ सक्रिय रहूंगा। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शुभकामनाएं देने वालों में महंत स्वामी ईश्वरदास उदासीन, प्रह्लाद जी, अशोक आहूजा, विजय जग्यासी, संरक्षक श्रीचंद मनवाणी, गोपी गेलानी, मनोहर डिगवानी, प्रो. डॉ. शिवेश प्रताप सिंह, अधिवक्ता सुधीर जैन, सतेन्द्र शर्मा, अरविंद शर्मा, मनीषा नेमा, हेमंत डेनियल, आर.एस. त्रिपाठी, अशोक जायसवाल, विनोद जायसवाल, आशीष मोगिया जेठालाल वाधवानी, मनोहर लाल वाधवानी, गुरमुख पंजवानी, गिरधारी लाल वाधवानी, मनोज वलेचा, घनश्याम दास अच्छडा, सनी सीरवानी, रूपेश वलेचा, संजय खिलवानी, भानु हासवानी, संजय नागदेव, मनोज नोतानी, जितेंद्र साबनानी, संदीप तोलवानी, राकेश गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, विनोद मंघनानी, सुभाष तिवारी, अनिल सचदेव सहित अनेक समाजसेवी शामिल रहे।

## मां काली देवी पाथरकछार क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन, संजय सिंह ने किया पुरस्कार वितरण

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित मां काली देवी पाथरकछार क्रिकेट टूर्नामेंट का आज भव्य समापन हुआ पूरे टूर्नामेंट में क्षेत्र की लगभग 20 टीमों ने भाग लिया और खेल को खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धात्मक रूप में प्रस्तुत किया समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह रहे जिन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, पुरस्कार एवं नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही मंच और संसाधन उपलब्ध कराने की है। टूर्नामेंट का आयोजन गांव पाथरकछार में स्थानीय युवाओं और खेल प्रेमियों



के सहयोग से किया गया। आयोजन समिति में बृजेंद्र सिंह, रोहित विश्वकर्मा, शिवम सिंह, कार्तिक सिंह, रामकलेश, मंजू और ज्ञानू सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी ने मिलकर इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपना योगदान दिया विशेष बात यह रही कि खिलाड़ियों और आयोजकों ने सीमित संसाधनों के बावजूद स्वयं मेहनत कर खेत को खेल मैदान के रूप में तैयार किया। जब खेल सामग्री की कमी सामने आई, तब आयोजन समिति ने जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह से सहायता की मांग की। इस पर उन्होंने तुरंत सहयोग करते हुए आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराई, जिससे टूर्नामेंट का संचालन सुचारू रूप से संभव हो सका। संजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण युवाओं को न केवल खेल के प्रति प्रेरित करते हैं बल्कि उन्हें अनुशासन टीम वर्क और प्रतिस्पर्धा की भावना भी सिखाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया समापन अवसर पर खिलाड़ियों और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग और मार्गदर्शन से ही यह आयोजन सफल हो सका। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी इस तरह के खेल आयोजनों के माध्यम से क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता रहेगा।

## गेहूं खरीदी के लिए अनुविभाग स्तरीय उपार्जन समिति गठित

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर मैहर द्वारा अनुविभाग स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में समिति के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) होंगे। इसके अलावा तहसीलदार, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारिता विस्तार अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक एमपी वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन के गोदाम प्रभारी, सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं एमपी स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन के केंद्र प्रभारी को सदस्य बनाया गया है यह समिति खरीदी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण करेगी और सुनिश्चित करेगी कि किसानों से खरीदा जा रहा है ।

## ई-रिक्शा में निकली बारात, महापौर बने बाराती मुख्यमंत्री विवाह सम्मेलन में 105 जोड़ों की शादी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत शुक्रवार को भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-2 के मैदान में विधि-विधान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें कुल 105 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और सांसद गणेश सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचकर वर-वधु को आशीर्वाद दिया आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मिल रहा सहयोग कार्यक्रम को लेकर नगर निगम महापौर योगेश ताम्रकार ने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग देने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। इसके माध्यम से दहेज प्रथा और अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाने के साथ ही सामाजिक समरसता और महिला सम्मान को बढ़ावा मिलता है।

**डीजे और ढोल-नगाड़ें के साथ निकली बारात:** आयोजन की खास बात यह रही कि बारात पारंपरिक और आधुनिक अंदाज में निकाली गई सभी दूल्हे व्यंकटेश लोक से तैयार होकर बारात लेकर निकले बारात में महापौर योगेश ताम्रकार परिषद अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी और नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी बाराती बने दूल्हे ई-रिक्शा में सवार थे और डीजे व बैंड-बाजे की धुन पर बारात विवाह स्थल तक पहुंची विवाह स्थल पर वधु पक्ष की ओर से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बारात का तिलक लगाकर स्वागत किया इसके बाद रीति-रिवाजों के अनुसार सभी जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया कार्यक्रम के अंत में नवविवाहित जोड़ों को उपहार भी प्रदान किए गए।

## श्री नारायण मुक्तिधाम के कायाकल्प की पहल, मुखाग्नि स्थल का होगा रिनोवेशन व पार्किंग में बनेगा शेड

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** रीवा रोड स्थित श्री नारायण मुक्तिधाम के नवनिर्माण विस्तार एवं जीर्णोद्धार को लेकर समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति ने महत्वपूर्ण पहल शुरू की है संत समाज के सानिध्य एवं जनसहयोग से मुक्तिधाम के सौंदर्यकरण और आधारभूत सुविधाओं को विकसित करने का कार्य प्रस्तावित किया गया है इसी क्रम में समिति के पदाधिकारियों ने 30 अप्रैल को महापौर योगेश ताम्रकार से भेंट कर मुक्तिधाम के विकास हेतु एक मांगपत्र सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक गोपी गेलानी, अध्यक्ष विनोद गेलानी और महामंत्री घनश्याम मंघरानी शामिल रहे संस्था के मंत्री संजय वाधवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि महापौर को सौंपे गए पत्र में मुक्तिधाम के दोनों मुखाग्नि स्थलों के रिनोवेशन, खाली पड़ी भूमि पर पेवर ब्लॉक लगवाने तथा पार्किंग क्षेत्र में शेड निर्माण की मांग प्रमुख रूप से रखी गई है। उन्होंने बताया कि इन कार्यों से मुक्तिधाम में आने वाले



लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और परिसर का स्वरूप भी अधिक व्यवस्थित एवं आकर्षक होगा महापौर योगेश ताम्रकार ने समिति के प्रस्तावों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही मुक्तिधाम का स्थल निरीक्षण करेंगे और आवश्यक निर्माण कार्यों में हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे उन्होंने कहा कि शहर के इस महत्वपूर्ण स्थल का विकास प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा इस अवसर पर सहमंत्री गंगाराम सचदेव, कार्यकारिणी सदस्य पंकज आहूजा, मनीष सदानी एवं विष्णु जानवानी सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे सभी ने आशा जताई कि प्रस्तावित कार्य शीघ्र शुरू होंगे और मुक्तिधाम का स्वरूप बेहतर रूप में सामने आएगा।

## रामपुर बाघेलान में जनगणना 2027 की हुई शुरुआत घर-घर पहुंची प्रशासनिक टीम

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत सतना जिले के रामपुर बाघेलान क्षेत्र में व्यापक स्तर पर मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य प्रारंभ कर दिया गया है यह कार्य ब्लॉक-4, वार्ड क्रमांक 3 से फेनिक्स मैरिज गार्डन से शुरू किया गया। शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार हल्का भरहटा में हाउस लिस्टिंग एवं बिल्डिंग कार्य अंतर्गत 272 एवं 273 भवनों का सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही संबंधित भवनों पर यूनिक नंबर अंकित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है जिससे आगामी जनगणना कार्य को सुगम बनाया जा सके इसी प्रकार परसमनिया हिरौदी एवं कठौता के ग्रामीण क्षेत्रों में भी टीमों द्वारा घर-घर पहुंचकर डेटा संकलन का कार्य तेजी से किया



जा रहा है प्रशासनिक अधिकारियों के मार्गदर्शन में यह कार्य सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा रहा है जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया है तथा तकनीकी संसाधनों का भी उपयोग किया जा रहा है अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करें और सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं ताकि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।

## आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान ने मझगवां तहसील में नि :शुल्क प्याऊ का किया शुभारंभ




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भीषण गर्मी के बीच राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान द्वारा तहसील प्रांगण मझगवां में नि:शुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया संस्था द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी इस सेवा कार्य को जारी रखते हुए लोगों की प्यास बुझाने का सराहनीय प्रयास किया गया है। प्याऊ का शुभारंभ मझगवां तहसीलदार हिमांशु शुक्ला द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने राहगीरों को पेठा खिलाकर एवं शीतल जल पिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा, जल ही जीवन है और गर्मी के मौसम में इस प्रकार की सेवा वास्तव में पुनीत कार्य है। हम सभी को जल संरक्षण के प्रति जागरूक होना चाहिए और जल के दुरुपयोग को रोकना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी इस पहल को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास न केवल लोगों को राहत देते हैं बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देते हैं इस अवसर पर मझगवां एसडीएम कार्यालय से स्टेनो प्रमोद द्विवेदी, एसडीएम रीडर सत्यम सिंह, पटवारी आशीष सिंह, सतेंद्र सेन, अर्जी नवीश संतोष गौतम, अधिवक्ता संखू मिश्रा, राजेंद्र सेन सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे संस्था के सदस्यों ने बताया कि गर्मी के पूरे मौसम में यह प्याऊ निरंतर संचालित रहेगा जिससे राहगीरों और आमजन को ठंडा व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के जनसेवा कार्य जारी रहेंगे।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 105 जोड़ों का सामूहिक विवाह, प्रतिमा बागरी रहीं मुख्य अतिथि

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सतना जिले के व्यंकट-02 मैदान में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर 105 जोड़ों ने विधि-विधान के साथ वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं समारोह में सांसद गणेश सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार तथा नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी और वर-वधु के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को



आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है यह योजना न केवल सामाजिक परंपराओं को सम्मानपूर्वक निभाने में सहायक है बल्कि जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल भी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और इस तरह की योजनाएं सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देती हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। विवाह स्थल पर पेयजल भोजन, स्वास्थ्य सेवाएं और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए, जिससे आयोजन सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उपस्थित जनसमूह ने भी आयोजन की सराहना की और इसे सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पहल बताया सामूहिक विवाह में शामिल जोड़ों और उनके परिजनों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। कई परिवारों ने इस योजना को अपने लिए बड़ा सहारा बताया जिससे उन्हें सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न कराने में सुविधा मिली समारोह के अंत में सभी नवविवाहित जोड़ों को सुखद, समृद्ध और मंगलमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। यह आयोजन न केवल सामाजिक सहयोग का उदाहरण बना बल्कि जरूरतमंद परिवारों के लिए एक बड़ी राहत भी साबित हुआ।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।